नव प्रदेश

www.navpradesh.com जबलपुर, बुधवार 20 अक्टूबर 2021, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-02 अंक- 343 पृष्ठ- 08 मूल्य-3 रुपए जबलपुर, भोपाल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

गरीबों के लिए रियायती दरों पर और मुफ्त अनाज देने सहित केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। इसके बाद भी न तो गरीबी हट रही है और ना ही भुखमरी दूर हो रही है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत 116 देशों की सूची में 94वें स्थान पे लुढ़क कर 101वें स्थान पर आ गया है। भारत से बेहतर स्थिति में तो पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे भिखमंगे देश है। जाहिर है योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ झाला है। गरीबो के हलक तक पहुंचने से पहले ही निवाले की बंदरबांट होगी तो भुखमरी भला कैसे दूर होगी।

सूर्योदय

उदय :	6:27 एम
अस्त :	5:45 पीएम

जनसंख्या

विश्व :	7,900,400,180
भारत :	1,397,848,109

बाजार

सैंसेक्स :	59299.32
निफ्टी :	17691.25
गोल्ड :	48,755 प्रति 10 ग्राम
चांदी :	67,400 प्रति किग्रा
अण्डा दर :	4.31

घाटी में सेना अध्यक्ष का दौरा

गैर कश्मीरियों की हत्या के बीच सेना प्रमुख 2 दिन के जम्मू दौरे पर, व्हाइट नाइट कोर ने एलओसी के हालात बताए

जम्मू

कश्मीर में गैर कश्मीरियों पर बढ़ते हमलों के बीच आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर जम्मू पहुंचे। उन्होंने यहां एलओसी के फॉरवर्ड बेस में तैनात व्हाइट नाइट कोर के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें कोर के सैन्य अधिकारियों ने एलओसी पर हालात की जानकारी दी।कश्मीर घाटी में पिछले कुछ दिनों से गैर कश्मीरियों की चुन-चुनकर हत्या की जा रही है। इस महीने घाटी में आतंकवादियों ने 11 नागरिकों की हत्या की है।

क्या है वाइट नाइट कोर

व्हाइट नाइट कोर की स्थापना 1 जून 1972 में हुई थी। सेना की यह यूनिट एलओसी की सुरक्षा करने के साथ-साथ आतंकवाद का मुकाबला भी करती है। इस कोर पर जम्मू-कश्मीर के स्थानीय लोगों के लिए सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाने की भी जिम्मेदारी है।

चीन पर कहा था- खतरे से निपटने को तैयार

2 अक्टूबर को एक इंटरव्यू में चीन को लेकर आर्मी चीफ ने बयान दिया था। उन्होंने बताया था कि पहली बार लद्दाख से सटी सीमा पर के9-वज्र तोपों की तैनाती की गई है। यह सेल्फ-प्रोपेल्ड हॉवित्जर तोप 50 किलोमीटर दूर तक लक्ष्य पर निशाना साधने में सक्षम है। जनरल नरवणे ने कहा था कि बॉर्डर पर के-9 वज्र को ऊंचाई वाले इलाकों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका सफल परीक्षण भी हो चुका है। इसे आर्मी की सभी रेजीमेंट में शामिल किया जाएगा, जिससे सेना की ताकत बढ़ेगी।

जम्मू-कश्मीर में एनआईए करेगी माखन लाल बिंदरू और वीरेंद्र पासवान की हत्या की जांच

केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम जल्द ही टारगेट किलिंग के मसले पर 5 अक्टूबर को हुए माखन लाल बिंदरू और बिहार मूल के रहने वाले वीरेंद्र पासवान की हत्या का मामला कश्मीर पुलिस से टेकओवर कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को एनआईए के महानिदेशक कुलदीप सिंह जब श्रीनगर पहुंचे तब स्थानीय एनआईए के अधिकारियों के साथ उन्होंने इस मसले पर विचार विमर्श किया। लिहाजा मामले की गंभीरता को देखते हुए एनआईए की टीम जल्द ही इस मामले को टेकओवर कर आतंकियों की नई रणनीति पर कार्रवाई करेगी। जांच एजेंसी एनआईए इन दो की हत्याओं से जुड़े मामले को दर्ज करने के बाद टीआरएफ यानी द रेजिस्टेंस फ्रंट नाम के आतंकी संगठन के खिलाफ भी तफ्तीश करेगी। क्योंकि 5 अक्टूबर को हुई दो टारगेट किलिंग के बाद इसी आतंकी संगठन टीआरएफ ने हत्याकांड का जिम्मा लिया था।

आज करेंगे प्रधानमंत्री मोदी कुशीनगर एयरपोर्ट का उद्घाटन

गोरखपुर। पीएम नरेंद्र मोदी आज (बुधवार) को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। पहली फ्लाइट श्रीलंका के कोलंबो से 125 यात्रियों और बौद्ध भिक्षुओं को लेकर कुशीनगर एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इसमें बौद्ध भिक्षु और श्रीलंका सरकार के मंत्री भाग लेंगे। पीएम मोदी के आने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कुशीनगर पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट के साथ बौद्ध सर्किट का भी निरीक्षण किया। केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से इस एयरपोर्ट का निर्माण 260 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। कुशीनगर एयरपोर्ट पर बने रनवे की क्षमता 8 फ्लाइट प्रतिघंटा है, यानी चार फ्लाइट लैंड कर सकती हैं और चार फ्लाइट टेक-ऑफ कर सकती हैं। एयरपोर्ट पर 3.2 किमी लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे है, जो वढ का सबसे लंबा रनवे है। योगी सरकार ने 24 जून 2020 को इसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित किया था। कुशीनगर विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल है। यहां भगवान गौतम बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था। गोरखपुर से यह 55 किमी की दूरी पर है।

बाबुल सुप्रियो ने दिया लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा के पूर्व नेता बाबुल सुप्रियो ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया। बाबुल सुप्रियो ने एक महीने पहले भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था। बाबुल सुप्रियो ने अपने प्रति विश्वास व्यक्त करने के लिये पूर्व पार्टी भाजपा को आभार प्रकट किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर इस्तीफा देने के बाद बाबुल सुप्रियो ने कहा, मेरा दिल भारी है क्योंकि मैंने अपना राजनीतिक जीवन भाजपा से शुरू किया था। मैं प्रधानमंत्री, पार्टी अध्यक्ष और अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने मुझमे विश्वास दिखाया।

यूपी चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देगी कांग्रेस

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देगी। पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा ने लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। प्रियंका वाड्रा ने बताया कि 15 नवंबर पर चुनाव लड़ने की इच्छुक महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। 40 फीसदी यानी करीब 100 सीट पर कांग्रेस की महिला उम्मीदवार नजर आएंगी। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मेरा बस चलता तो 50त्न टिकट महिलाओं को दे देती। अपने विपक्षियों से कहना चाहूंगी कि मेरी आलोचना करने के लिए नए तरीके ढूढ लें। मैं लड़ूंगी और मेरे साथ प्रदेश बदलाव के लिए लड़ेगा। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग होना होगा। उन्होंने इस दौरान यूपी में अपराध का शिकार लड़कियों और परिवारों का भी जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस का यह फैसला ऐसे ही

पीड़ितों के लिए है।प्रियंका वाड्रा ने कहा कि यह फैसला महिला सशक्तिकरण के लिए लिया गया है। इसके पीछे और कोई दूसरा कारण नहीं है।प्रियंका वाड्रा ने कहा कि वे यूपी की प्रभारी हैं और उन्होंने यूपी के लिए महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का फैसला किया है। यदि पार्टी अन्य राज्यों में भी इस फैसले को लागू करती है तो उन्हें खुशी होगी।चुनाल लड़ेंगी या नहीं, प्रियंका वाड्रा ने कहा कि वे सही समय पर इसका फैसला करेंगी। वहीं प्रदेश में कांग्रेस के सीएम उम्मीदवार पर भी सही समय पर फैसला करने की बात प्रियंका ने कही।

मध्य प्रदेश के धार जिले में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर

प्रतिबंधित क्षेत्र से जुलूस निकाल रहे लोगों की पुलिस से झड़प

धार

मध्य प्रदेश के धार में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर प्रतिबंधित क्षेत्र से जुलूस निकाल रहे लोगों को जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो जुलूस में शामिल लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस की ओर से पहले से लगाए गए बैरिकेड्स को गिरा दिया। थोड़ी देर में पुलिस और जुलूस में शामिल लोगों के बीच झड़प हो गई। भीड़ ने पुलिस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस ने पहले मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन उपद्रव बढ़ा तो भीड़ को लाठियों से खदेड़ा गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ईद मिलादुन्नबी के

मौके पर सुबह 9 बजे कुछ लोग जुलूस निकालने के लिए गुलमोहर कॉलोनी में जुटे थे। यहां से करीब 1500 से 2000 लोग जुलूस के रूप में बस स्टैंड होते हुए धान मंडी पहुंचे। इस दौरान जिन क्षेत्रों से होकर जुलूस निकला, वहां से भी लोग शामिल होते गए। जुलूस जब पिंजारवाड़ी क्षेत्र में पहुंचा तो वहां पुलिस ने पहले से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर बैरिकेड्स लगा रखा था। यहां जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने बैरिकेड्स फांदने की कोशिश की तो जवानों ने रोका तो उन्होंने धक्का-मुक्की कर नारेबाजी शुरू कर दी।वहीं धक्का-मुक्की की खबर के बाद मौके पर मौजूद एडीएम सलोनी सिडाना व एडीशनल एसपी देवेंद्र पाटीदार ने शांतिपूवव्क्क जुलूस को आगे बढ़ाने को कहा, लेकिन कुछ लोग नहीं माने और बैरिकेड्स फांदकर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश की, इस पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। इसके बाद जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने भी हालात को संभालने के लिए लाठियां भांगी तब जाकर पत्थरबाजी बंद हुई। फिर जुलूस मोहन टॉकीज होते हुए राजबाड़ा, नालछा दरवाजा होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। इस दौरान नारेबाजी होती रही, हालांकि किसी प्रकार का उपद्रव नहीं हुआ।

आर्यन खान के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शिवसेना नेता

मुंबई। क्रूज पर ड्रग्स पार्टी के दौरान पकड़े गए बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के बचाव में शिवसेना के नेता उतर आए हैं। आर्यन खान के समर्थन में शिवसेना नेता किशोर तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शिवसेना नेता किशोर तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में आर्यन खान के समर्थन में एक याचिका दायर की है। इस याचिका में आरोपियों को मौलिक अधिकारों का हवाला देते हुए आर्यन को राहत देने की बात कही गई है। शिवसेना नेता किशोर तिवारी ने चीफ जस्टिस से इस मामले में स्वत- संज्ञान लेने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि केस में लगातार आर्यन खान के मौलिक अधिकारों का हनन हो

रहा है। शिवसेना नेता ने अपनी याचिका में आगे लिखा है कि इस ड्रग्स मामले में नॉर्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। याचिका में इस मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है। बता दें कि एनसीबी की भूमिका को लेकर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक भी लगातार सवाल उठा रहे हैं।शिवसेना नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुंबई में एनसीबी की दुर्भावनापूर्ण शैली, दृष्टिकोण और गंदे प्रतिशोध के मामलों की ओर इशारा करना चाहता हूं और इसके अधिकारी पिछले दो वर्षों से चुनिंदा फिल्म सेलिब्रिटी और कुछ मॉडलों को निशाना बना रहे हैं।बता दें कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान फिलहाल क्रूज पर कथित ड्रग्स पार्टी के मामले में मध्य मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद है।एनसीबी टीम ने 2 अक्टूबर की शाम को गोवा जाने वाले कॉर्डेलिया क्रूज पर छापा मारा और कथित तौर पर ड्रग्स को जब्त कर लिया, और बाद में गिरफ्तारियां कीं।

एचडीएफसी बैंक अकाउंट में सेंध की कोशिश

एनआरआई के अकाउंट से बड़ी रकम निकालना चाहते थे, बैंक के 3 कर्मचारी समेत 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के 3 इम्प्लॉई समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग विदेश में रहने वाले एक भारतीय के अकाउंट से चोरी-छिपे पैसा निकालने की कोशिश कर रहे थे। साइबर क्राइम यूनिट ने बताया कि इस ग्रुप ने 66 बार ऑनलाइन पैसा निकालने की कोशिश की थी। आरोपियों ने अकाउंट होल्डर के डउ में रजिस्टर्ड अमेरिकी मोबाइल नंबर जैसा ही एक भारतीय मोबाइल फोन नंबर भी हासिल किया था। आरोपियों से चेक बुक भी बरामद की गई है। इस संबंध में बैंक ने ही साइबर क्राइम यूनिट में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया कि संबंधित अकाउंट में कई बार अनऑथराइज्ड इंटरनेट बैंकिंग

अटैंप्ट देखे गए हैं। आरोपी धोखाधड़ी से प्राप्त चेक बुक का उपयोग करके इस अकाउंट से कैश निकालना चाहते थे। उन्होंने नए मोबाइल नंबर को अपडेट करने की कोशिश भी की थी। अनऑथराइज्ड इंटरनेट बैंकिंग अटैंप्ट को देखते हुए, दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की थी। टीम को टेक्निकल फुटप्रिंट और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर दोषियों की पहचान करने का काम सौंपा गया था।

आदिवासी बहुल 89 ब्लॉक में लागू होगी राशन आपके द्वार योजना

भोपाल

मध्य प्रदेश में जैसे-जैसे चार उपचुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे जनता से वोट बटोरने के लिए दोनों प्रमुख दलों के नेताओं की और से बड़े बड़े वादे और दावे किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब सत्ताधारी दल भाजपा ने उपचुनाव में वोटिंग से पहला बड़ा दांव खेला है। दरअसल, सरकार प्रदेश करीब 23 लाख से ज्यादा आदिवासी परिवारों को बड़ी सौगात देने जा रही है। इसके तहत 89 आदिवासी ब्लॉकों (विकासखंडों) में राशन आपके द्वार योजना लागू की जाएगी।

इस योजना का लाभ प्रदेश के 23.80 लाख परिवारों को मिलेगा। योजना में काम करने वाले व्यक्ति को हर माह प्रोत्साहन राशि भी देगी। इसके अलावा, अन्य खर्च के लिए भी राशि अलग से दी जाएगी। जबकि, उचित मूल्य की राशन दुकानों से खाद्यान्न गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए आदिवासियों को लोन दिलाकर वाहन खरीदवाए जाएंगे। सरकार ब्याज अनुदान के साथ प्रोत्साहन राशि भी देगी।

मिली जानकारी के अनुसार, गांवों तक राशन सामग्री पहुंचाने के लिए आदिवासी युवाओं के वाहन किराए पर लिए जाएंगे। इन वाहनों को खरीदने के लिए युवाओं को को बैंक से लोन भी दिलाया जाएगा। इसके साथ ही प्रोत्साहन राशि और ब्याज अनुदान भी सरकार देगी। 10 हजार रुपए वाहन मालिक को देने के अलावा अन्य खर्च के लिए करीब 16 हजार रुपए दिए जाएंगे। आज कैबिनेट की बैठक में ये प्रस्ताव लाया जाएगा।

अब उत्तराखंड में कुदरत का कहर, 16 की मौत

काठगोदाम रेलवे स्टेशन वाली रेल लाइन बही, हल्द्वानी में पुल टूटा

देहरादून

उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते बेहद खराब हालात हो गए हैं। यहां मंगलवार को 11 और लोगों की मौत हुई। सबसे ज्यादा कुमाऊं क्षेत्र प्रभावित है, जहां कई मकान जमींदोज हो गए और मलबे में कई लोग दब गए। नैनीताल का संपर्क बाकी राज्य से कट गया है। यहां तक आने वाली तीनों सड़कें भूस्खलन के चलते ब्लॉक हो गई हैं। वहीं भारी बारिश के चलते नैनीताल जिले में काठगोदाम रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली रेलवे लाइन बह गई। इसके साथ ही राज्य में मरने वालों का आंकड़ा 16 हो गया है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के सचिव एसए मुरुरेसन ने बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। सोमवार को बारिश के चलते पौड़ी और चंपावत में 5 मौतें हुई थीं। इसमें नेपाल के तीन मजदूर भी शामिल थे। मंगलवार को अल्मोड़ा, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में 11 लोगों की जान गई।

उट ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई दौरा

राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि जल्द ही सेना के हेलिकॉप्टर यहां मदद और राहत पहुंचाने के लिए पहुंच जाएंगे। इनमें से दो हेलिकॉप्टरों को नैनीताल और एक को गढ़वाल भेजा जाएगा। उट ने लोगों से आग्रह किया कि वे घबराएं नहीं, उनकी सुरक्षा के सभी कदम

उठाए जाएंगे। उन्होंने चारधाम यात्रियों से अपील की कि वे जहां हैं, वहीं रुक जाएं और मौसम साफ होने के बाद ही यात्रा को दोबारा शुरू करें। मंगलवार दोपहर में मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। बाद में उन्होंने रुद्रप्रयाग पहुंचकर नुकसान के आकलन की समीक्षा भी की। उनके साथ राज्य के मंत्री धन सिंह रावत और राज्य के डीजीपी अशोक कुमार भी थे।

इंडियन यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट श्रीनिवास ने एक वीडियो ट्वीट किया जिसमें उत्तराखंड के नैनीताल में पानी के तेज बहाव के बीच सुरक्षाबल के जवान लोगों का रेस्क्यू कर रहे हैं। सैनिकों ने ह्यूमन चेन बनाकर एक दुकान से लोगों को रेस्क्यू किया।

हल्द्वानी में दरक गया पुल

हल्द्वानी में गौला नदी पर बना पुल बारिश के चलते दरक गया। पुल के बीचोंबीच गड्ढा बन गया। पुल के एक छोर पर खड़े लोगों ने दूसरे छोर से आ रहे बाइक सवार को इस बारे में अलर्ट किया। तब मोटरसाइकिल सवार वापस मुड़ा। नैनीताल में नैनी झील के पास माल रोड और नंदा देवी मंदिर में पानी भर गया है, जबकि यहां एक होस्टल बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं ऊधम सिंह नगर में नानक सागर बांध के सभी गेट खोल दिए गए। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स एसडीआरएफ राज्य में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। टीम ने बीती रात राज्य में अलग-अलग जगहों पर ऑपरेशन करके 50 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया। इनमें केदारनाथ मंदिर से लौट रहे श्रद्धालु भी शामिल हैं जो रास्ते में फंस गए थे। उत्तराखंड पुलिस के साथ मिलकर एसडीआरएफ ने सोमवार को केदारनाथ से लौट रहे 22 श्रद्धालुओं को बचाया जो जंगल में फंसे थे।

शहपुरा व मेंहदवानी में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास से मनाया ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार

एक-दूजे से मिलकर दी गई दिली मुबारकबाद

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। मुस्लिम धर्म के धर्मावलंबियों के द्वारा भाईचारे, शांति और सौहार्द्र के पर्व ईद मिलादुन्नबी को शहपुरा व मेंहदवानी विकासखंड में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यहां मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा नगर भ्रमण करते हुए भाईचारे का संदेश दिया गया। वहीं एक-दूजे से गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी गई। इस दौरान शहपुरा के हाजी हारून मंसूरी, हाजी शम्भू खान, हाजी सब्बीर खान, हाजी यासीन खान, तनवीर मंसूरी, असलम मंसूरी, अमजद मंसूरी, अयाज मंसूरी, इस्लाम मंसूरी, मुबीन खान, डॉ एजाज सहित मुस्लिम कमेटी से सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। मेंहदवानी में मस्जिद मोहल्ला से खान मोहल्ला मुस्ताक खान के घर तक जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ईद मिलादुन्नबी त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। धूमधाम से जुलूस के रंगमंच मार्केट में हिंदू भाइयों को बधाई देकर पुलाव खिलाया गया एवं गांव वालों को त्यौहार की बधाइयां दी गई। सभी ने गले मिलकर एक-दूजे को ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी । इस दौरान सदर जब्बार खान और हाफिज अली, सचिव मुस्ताक खान, शरीफ खान, हफीज खान, हैदर अली, हनीफ खान, नफीस खान, फारुख खान, अजीम खान और मौलाना सहित काफी संख्या मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल रहे।

ग्रामीण जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता : शुभांगी सिंह

सतना। रामपुर बघेलान विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोटर मंडल में ग्रामीण जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानने पहुंची रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह की धर्मपत्नी शुभांगी सिंह ने कोटा मंडल अंतर्गत विधायक कार्यालय पहुँच कर लोगो से मुलाकात की साथ ही धार्मिक कार्यो में विशेष रुचि दिखाने वाली श्रीमती सिंह ने सर्वप्रथम राम जानकी मंदिर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवम पंचमुखी हनुमान मंदिर के दर्शन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया एवं ग्राम तिहाई बिहारा क्रमांक 1 करही कला पटना खुर्द में ग्रामीणों के घर घर जाकर उनसे मुलाकात की एवं उनके सामने आ रही समस्याओं से अवगत हुई साथ ही उनकी समस्याओं को तुरंत निराकृत करने के लिए उन्हें आश्वासन भी दिया देखा जाए कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए हर समय तत्पर रहने वाले विधायक विक्रम सिंह की धर्मपत्नी शुभांगी सिंह भी उन्हीं के बनाए हुए रास्ते पर चलती नजर आ रही हैं जिसमें जनता से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आपकी हर समस्या के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे और किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वह उन्हें फोन पर सूचित कर सकते हैं या फिर उनके आवास में आकर अपनी समस्या सुना कर समस्या से निकलने के लिए आस्वास्थ हो सकते हैं और उनकी जाए समस्याओं के निराकरण के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगी ग्रामीण जनता से जनसंपर्क के दौरान शुभांगी सिंह का ग्रामीण जनता ने सभी ग्रामों में जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया जिसमें उनके साथ कोटर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

घर-घर जाकर लोगों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर डॉ फटिंग ने द्वितीय डोज के वैक्सीनेशन को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

नव प्रदेश सिवनी । कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग ने सोमवार 18 अक्टूबर को ऑनलाईन वीसी के माध्यम से कोविड वैक्सीनेशन महाभियान की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को वैक्सीन के प्रथम डोज के साथ ही द्वितीय डोज को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में सभी एसडीएम, बीएमओ, सीईओ जनपद, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर डॉ फटिंग ने द्वितीय डोज के लिए लंबित हितग्राहियों की विकासखण्डवार समीक्षा की तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी व अनुभाग से संबंधित अन्य अधिकारी को माईक्रोप्लानिंग करते हुए शतप्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने द्वितीय डोज के लिए विशेष टीकाकरण सत्रों के आयोजन तथा स्थानीयस्तर पर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए।

शानोशौकत के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

नव प्रदेश सिवनी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी ब? ही ?ुशी एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अल्लाह के नबी के यौमे पैदाइश मुबारक महीने रबी-उल-अव्वल के आगाज के साथ ही मुबारकबाद का सिलसिला लगातार शुरू होता गया । जिसके चलते ईद मिलादुन्नबी 19 अक्टूबर मंगलवार को पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए जामा मस्जिद में सभी लोग एकत्रित होकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मस्जिद में मिलाद शरीफ एवं तकरीर व अन्य प्रोग्राम किया गया।

ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मोमिनो ने अपने- अपने घर एवं दुकानों की साजसज्जा की जिसमें मुस्लिम युवा नौजवानों में यह त्यौहार को लेकर अधिक उत्साह एवं उमंग दिखा जिसको लेकर उनके द्वारा नगर को भी लाइटिंग एवं झंडे द्वारा सजाया गया है साथ ही साथ नगर के सभी मोहल्ले एवं जगह जगह में भी सजावट के साथ जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां की गई ।

बरघाट में भी किया गया फल वितरण-जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बरघाट मुस्लिम समाज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सहारा वृद्धा आश्रम पहुंच फलों का वितरण किया गया। जिसमे बरघाट जामा मस्जिद सदर यासीन कुरैशी, पूर्व जामा मस्जिद सदर जाहिद खान, प्रवक्ता कामरान नाजमी, मो.फारूख फैजान, शब्बीर खान, रिजवान खान, मोहसिन खान, अजहर अली, हाजी अब्दुल राऊफ खान, अनीस कुरैशी, तनवीर कुरैशी, बब्लू खान, अफरोज खान, आबिर कुरैसी, युनुश खान, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसी के साथ ही ईद मिलादुन्नबी के इस कार्यक्रम में मुस्लिम नौजवान कमेटी का विशेष रूप से सहयोग रहा जिसमें इमरान खान, फरहान खान, असलम खान, अफजल रजा बरकाती, आरिफ खान, मोहसिन कुरैशी, तौकीर खान, फैजान खान, राहिल रजा, एवं समस्त मुस्लिम नौजवान कमेटी व मुस्लिम जमात का विशेष सहयोग रहा।

ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम यूनाईटेड फ्रंट द्वारा किया गया फल वितरण

नव प्रदेश सिवनी। आज पूरे देश में ईद मिलादुन्नबी पूरे सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप मनाया गया। इस मुबारक मौके पर एक दुसरे को मुबारकबाद पेश कर अमन और भाईचारे का पैगाम दिया। सिवनी नगर में भी ईद मिलादुन्नबी पूरी शान के साथ मनाया गया। और लोगों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। विगत तीन वर्षों से फ्रंट के नौजवानों के द्वारा फल वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी मुस्लिम यूनाईटेड फ्रंट के नौजवानों द्वारा जिला चिकित्सालय और वृद्धाश्रम में पहुंचकर फल वितरण किया।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रमपुरी व ढोंढ़ा माल में किशोर-किशोरियों सहित ग्रामीणों को विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य में धुलाए गए हाथ

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य में शहपुरा विकासखंड के रमपुरी व ढोंढ़ा माल में ग्राम भारती महिला मंडल संस्था के मास्टर ट्रेनर कुमार संत नारायण साहू , बुधिया परस्ते,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व साथिया ने बच्चों , किशोर-किशोरियों व ग्रामीणों को हाथ धुलाई करवाते हुए हाथ धोने के अलग-अलग तरीकों एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में आवश्यक जानकारी दी।

तेंदुए के हमले से 45 वर्षीय महिला की मौत

नव प्रदेश सिवनी। सिवनी जिले के केवलारी से लगे वन परीक्षेत्र ऊगली में जंगली जानवरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ।आज पुनः ऊगली के समीपस्थ ग्राम मोहगांव में 45 वर्षीय महिला गजरा पंचेश्वर पति उदल पंचेश्वर पर तेंदुए ने हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई है।

उल्लेखनीय होगा कि इससे पूर्व वन क्षेत्र से घिरे उगली के कई गांव के आसपास लगातार हो रहे खूंखार तेंदुए के हमलों से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। तेंदुआ बीते एक माह में कई पालतु मवेशियों को अपना निशाना बना चुका है। वहीं एक 17 वर्षीय किशोरी सहित दो लोगों की मौत तेंदुए के हमले में हो चुकी हैं। दक्षिण सामान्य वनमंडल के कान्हीवाड़ा वन परिक्षेत्र अमले ने पांडीवाड़ा व उससे लगे जंगल में पिंजरा लगाकर फुर्तीले तेंदुए को पकडने़ का प्रयास किया जा रहा है। रविवार देर शाम तेंदुए के आने जाने वाले रास्ते पर पिंजरा लगा दिया गया है ।गौरतलब है कि पांडीवाड़ा गांव से करीब 3 किमी दूर पहाड़ी क्षेत्र में 16 अक्टूबर शनिवार दोपहर मवेशी चराने गए चरवाहे पिता जंगलू यादव के सामने तेंदुए ने बेटी रवीना यादव (17) हमला कर दबोच लिया था, जिसकी किशोरी की मौत हो गई थी। बेटी को बचाने का प्रयास कर रहे पिता पर भी खूंखार तेंदुए ने झपटने का प्रयास किया था। इससे पहले 15 सितंबर को वन विकास निगम के मोहगांव जंगल में लकड़ी बीनने गई 50 वर्षीय आदिवासी महिला रंजीता पति मोहब्बत सिंह पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि साथ गई दो महिलाओं व एक पुरुष को मौके से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी। बीते एक माह में तेंदुआ क्षेत्र के पालतु मवेशियों का शिकार कर चुका हैं। इससे क्षेत्रवासियों में डर व भय का माहौल है ।उगली क्षेत्र के मोहगांव, सकरी, पांडीवाड़ा, रतनपुर, कातोली गांव जंगल से घिरे हुए हैं। स्कूली बच्चों को जंगल के रास्ते से होते हुए गांव से स्कूल तक पहुंचना पड़ता है ऐसे में क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी ने पालकों की चिंता बढ़ा दी है। कुछ दिन पहले क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को आवेदन देकर क्षेत्र में घूम रहे तेंदुए को पकडऩे की मांग की थी। जिसके बाद कातोली क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया था। वहीं आए दिन हो रहीं घटनाओं का सामना वन विभाग के मैदानी अमले को करना पड़ रहा है। जबकि अधिकारी इस पर गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। अभी तक कान्हीवाड़ा वनपरिक्षेत्र के पशुहानि के 7 मामले सामने आ चुके हैं ।तेंदुआ बेहद फुर्तीला होता है जो पेड़ अथवा पहाड़ की खोह इत्यादि क्षेत्रों में छिपकर रहता है। वन अधिकारियों का कहना है कि बाघ अथवा अन्य वन प्राणियों को लोकेट कर पकड़ा जा सकता है लेकिन तेंदुए के साथ ऐसा करना संभव नहीं है। इसलिए जंगल में शिकार के साथ पिंजरा लगाकर ही तेंदुए को पकड़ा जा सकता है।

क्षेत्र में नहीं थम रही जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं

ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कठौतिया में किशोर-किशोरियों दिया गया स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण

नवप्रदेश, मेंहदवानी/शहपुरा डिण्डौरी। ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कठौतिया में किशोर किशोरियों स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान डीसीएम दिलीप कछवाहा डीसी ओमप्रकाश उरैती, पीसी सुरेंद्र जैतवार मौजूद रहे। ग्राम भारती महिला मंडल संस्था के मास्टर ट्रेनर चंद्र दत्त द्विवेदी व अर्चना मानिकपुरी ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। वहीं विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य में कछारीमाल व जैतपुरी में ग्राम भारती महिला मंडल संस्था के मास्टर ट्रेनर चंद्रदत्त द्विवेदी, अर्चना मानिकपुरी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कतिया बाई व साथिया नेमबाई ने बच्चों , किशोर-किशोरियों व ग्रामीणों को हाथ धुलाई करवाते हुए हाथ धोने के अलग-अलग तरीकों एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में आवश्यक जानकारी दी।

सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति फुटबॉल ग्राउंड करौंदी द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का निकाला गया चल समारोह भक्तों ने दी भावभीनी विदाई

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। मां जगत जननी आदिशक्ति जगदंबा की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने मां दुर्गा व माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित कर 9 दिनों तक विधि-विधान से पूजन अर्चन किया। शहपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ वहीं सोमवार को करौंदी के फुटबॉल ग्राउंड में विराजित माता की प्रतिमा को परंपरानुसार आश्विन द्वादशी को भक्तों ने मां भगवती का विसर्जन चल समारोह निकालकर भावभीनी विदाई दी। विसर्जन चल समारोह के दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। वही बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। माता की भक्ति में लीन भक्तों ने जमकर भाव भी खेला जो कि आकर्षण का केंद्र रहे।आपको बता दें कि शहपुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा काली की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला विजयादशमी से शरद पूर्णिमा तक चलता है जहां दशमी, एकादशी और द्वादशी को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है तो वहीं कुछ जगहों पर काली की प्रतिमाओं का विसर्जन शरद पूर्णिमा को होता है। करौंदी में विसर्जन चल समारोह के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंगलवार को सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति फुटबॉल ग्राउंड करौंदी के द्वारा मालपुर में मां नर्मदा तट पर मां भगवती की प्रतिमा को भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी।

मां नर्मदा तट मालपुर घाट में किया गया विसर्जन

करौंदी के फुटबॉल ग्राउंड में राम-रावण युद्ध के बाद किया गया पुतला दहन, रावण दहन देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़-शहपुरा विकासखंड के ग्राम करौंदी के फुटबॉल ग्राउंड में सोमवार की देर रात राम और रावण के युद्ध के बाद राम ने रावण के पुतले का दहन किया।आपको बता दें कि सोमवार की देर रात करौंदी में ग्रामीणों ने स्थानीय परंपरा अनुसार दशहरा मनाया। असत्य पर सत्य की जीत के महापर्व दशहरे को लेकर करौंदी के फुटबॉल ग्राउंड में रामलीला के कलाकारों के द्वारा राम और रावण के बीच घनघोर युद्ध हुआ जिसका ग्रामीणों ने खूब आनंद लिया । इसके बाद राम के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया पुतला दहन के बाद ग्रामीणों ने तालियों से राम का स्वागत करते हुए जय जय श्री राम के जयकारे लगाए ।यहां करौंदी में रावण दहन देखने के लिए भारी संख्या में करौंदी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

ग्रामीणों ने सरपंच,सचिव एवं सहायक सचिव के द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जांच कराने की मॉग

निर्माण कार्यो के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखो रू आहरण करने का आरोप

- जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत काटीगहन का मामला
- बोल्डर चैक डेम निर्माण में फर्जी राशि आहरण करने का आरोप
- ग्रामीणों ने रोजगार सहायक पर काम के बदले पॉच हजार रू. मॉगने का लगाया आरोप

डिंडौरी नवप्रदेश

आयोजित होने वाले जनसुनवाई में जिले के दूरदराज के लोग तमाम तरह के शिकवे शिकायत सहित ग्राम पंचायतो में व्याप्त भृष्टाचार की शिकायत कर कार्यवाही की मॉग करते है किन्तु जिम्मेदार अधिकारियो के द्वारा मामलो को गंभीरता से नही लिया जाता है,जिससे ग्रामीणो की समस्याये यथवत बनी रहती है। कुछ ऐसा ही मामला जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत काटीगहन का मामला सामने आया है।

कलेक्टर से षिकायत करते हुए ग्रामीणों ने सरपंच,सचिव एवं सहायक सचिव पर षासकीय राषियों को मनमानी तरीके से राषि आहरण कर गबन करने का आरोप लगाया है। दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार रोजगार सहायक के विरूध्द कलेक्टर से षिकायत कर कार्यवाही एवं पद से पृथक करने की मॉग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि रोजगार सहायक सचिव अशोक कुमार यादव के द्वारा ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता है एवं पंचायत कार्यालय में नही आता है,कार्यालय बंद रहने के कारण ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारी एवं लाभांवित होने के लिए कई दिनों तक पंचायत कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है,उसके बाद भी संतुष्टिपूर्ण जानकारी नही मिल पाती है। शासन के योजनाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दिया जाता है, जिसके कारण ग्रामवासियों काफी परेषान है और मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रोजगार सहायक सचिव किसी परिचित व्यक्ति के यहां बैठकर दो साल से कार्य कर रहा है। जब कोई व्यक्ति काम कराने के लिये जाता है तो तुम्हारा काम हो जायेगा कहकर टाल देता है एवं पांच हजार रूपये दो तो तुम्हारा काम करूंगा कहकर भगा देने का आरोप लगाया गया है।

हितग्राही को नही मिल रहा पीएम आवास का लाभ

वर्ष 2016-17 में हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। ग्राम काटीगहन रै.में हितग्राही श्रीबाई को पीएम आवास योजना के तहत पीएम आवास का लाभ दिया गया था किंतु उस महिला का पीएम आवास निर्माण कार्य नही कराया गया है। इसी तरह वर्ष 2018-19 में चुनचुन बाई का प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम था परन्तु उस महिला के खाते की राशि को दूसरे हितग्राही के खाते में 1.30 हजार रू. स्थांतरण कर आहरण कर लिया गया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जॉब कार्ड फर्जी तरीके से बनाया जाता है, और खाता नम्बर अपने परिवार एवं रिश्तेदारों का जोडकर राशि को निकाल लिया जाता है।

बोल्डर चैक डेम निर्माण में फर्जीवाड़ा करने का आरोप

ग्रामीणों ने कलेक्टर से षिकायत कर बताया कि सरपंच,सचिव एवं सहायक सचिव के द्वारा मनरेगा योजना के तहत कराए गए बोल्डर चैक डेम निर्माण कार्य में फर्जी तरीके से बिल लगाकर सफलायर को लाखो रू. भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि खम्हरिया माल/रै .एवं पिपरखुट्टा में किसी भी प्रकार की वाहन से परिवहन नही कराया गया है किंतु संतोष ट्रेडर्स के बिल फर्मो में 312000 रूपये का मनमानी तरीके से बिल लगाकर राशि आहरण कर लिया है।

न्यूज अपडेट

कर्मचारी एवं कोरोना वोलेंटियरस का सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया

शहडोल नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के निर्देशानुसार एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल बुढार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में कोरोना वैक्सीनेशन में सेवा प्रदान कर रहे अधिकारी, कर्मचारी एवं कोरोना वोलेंटियरस का सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया* *कार्यक्रम की मुख्यअतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, अध्यक्षता जिला मंत्री श्रीमती जूली जैन द्वारा की गई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत चौरसिया,भाजपा नेता अजीत जैन,भाजपा नेता भागचंद सोनी,मंडल मंत्री श्रीमती मीरा मिश्रा,मंडल मंत्री श्री सरोज यादव,आईटी प्रभारी गजेंद्र मिश्रा,वार्ड पार्षद लल्ला सेन,युवा नेता राकेश मिश्रा के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मंडल महामंत्री श्री कृष्ण गुप्ता द्वारा किया गया। सभी अतिथियों द्वारा डॉ प्रिया जगवानी,नर्स श्रीमती दीपिका गार्डिया,एएनएम श्रीमती पूजा साहू,पांडे, लक्ष्मण, सुरेश प्रजापति, सुरेश हरिजन,श्री वीरेंद्र हरिजन,श्री रामू हरिजन,श्री रंजीत, उमेश तांबे ,अजीत परते का माल्यार्पण कर तिलक बंधन कर श्रीफल देकर सम्मान किया गया। साथ ही कोरोना वोलेंटियर श्रीमती मीनू जैन,सुशील कुमार सोनी,कुमारी प्रिंसी जैन,श्रीमती मोहिनी मिश्रा, आशुतोष अमन जैन, रितेश अन्ना,रोहणी वर्मा, प्रिया मिश्रा,प्रियंका पेंड्रा का भी सम्मान तिलक बंधन कर माल्यार्पण कर श्री श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

स्कूल में व्याप्त है पानी की समस्या

शहडोल नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम बंधवा बड़ा में स्थित शासकीय स्कूल में पीने की पानी की समस्या है जिसके कारण स्कूल स्टाफ एवं बच्चों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा हैद्य बताया जाता है कि शासकीय मिडिल स्कूल में हैंडपंप लगा हुआ था जो कई महीनों से खराब है और स्कूल के आसपास किसी भी प्रकार की पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण बच्चों को अपने घरों से पानी लाना पड़ता हैद्य अनेकों बार प्रशासन का ध्यान स्कूल में पीने के पानी की समस्या की ओर आकृष्ट कराया गया किंतु स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नेहरू युवा केंद्र युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार जिला डिंडोरी के द्वारा स्वच्छ भारत के तहत नर्मदा घाट की सफाई की गई

डिण्डोरी नवप्रदेश

डिण्डोरी नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार जिला डिंडोरी के द्वारा स्वच्छ भारत के तहत सोमवार को नर्मदा घाट की सफाई की गई कार्यक्रम में महा निर्देशक प्रतिनिधि अवध राज बिलैया द्वारा स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अवध राज बिलैया के द्वारा युवाओं को स्वच्छता अभियान को सफल बनाने हेतु अपील की गई इसके अतिरिक्त उन्होंने उन्होंने समस्त जिले में स्वच्छता अभियान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से अपील की । नर्मदा भक्त पुरुषोत्तम नामदेव ने समस्त युवाओं से स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने हेतु अपील किया। उक्त कार्यक्रम में सफाई अभियान के नोडल प्रभारी हर्षित उपाध्याय, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सत्यम मानिकपुरी, पीटीएस देवेंद्र बर्मन, समाज सेवी जय सिंह राठौर,अविनाश सैनी,शुभम पाण्डे एवं समस्त युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

रॉयल राजपूत संगठन शहडोल द्वारा पृथ्वीराज पैलेस जमुई मे सम्राट मिहिर भोज जयंती समारोह सम्पन्न

शहडोल नवप्रदेश

रॉयल राजपूत संगठन शहडोल द्वारा पृथ्वीराज पैलेस जमुई मे सम्राट मिहिर भोज जयंती समारोह सम्पन्न हुआ जिसमे ज्येष्ठ जनों का आशीर्वाद संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मिला सर्वप्रथम रॉयल राजपूत संगठन एवं महिला इकाई द्वारा सम्राट मिहिर भोज के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सम्राट मिहिर भोज के कृतित्व पर प्रकाश डाला गया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण सिंह उपस्थित रहे अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह चंदेल ने की इस अवसर पर वक्ताओं ने सम्राट मिहिर भोज को वीरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही साहसी व्यक्तित्व का परिचय देते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ाए उन्होंने विदेशी आक्रांता ओं से लोहा लेते हुए उन्हें पराजित किया रॉयल राजपूत संगठन भी हमेशा अन्याय के खिलाफ संघर्ष करता रहेगा कार्यक्रम का संचालन राहुल सिंह गौतम ने किया जयंती समारोह में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवम सिंह चंदेल प्रवीण सिंह गणेश सिंह दादू अजय सिंह बघेल अखिलेश सिंह राकेश सिंह महिला इकाई में सीमा सिंह रश्मि सिंह अर्चना सिंह साथ ही जिले व महिला इकाई के पदाधिकारियों का सम्मान तथा पदवितरण बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर तक पेयजल पहुंचाया जाए- कलेक्टर

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में की विभागीय कार्यों की समीक्षा

डिंडौरी नवप्रदेश- कलेक्टर रत्नाकर झा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग, सीएम हेल्पलाईन, रोजगार मेले, खरीफ उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन, भू-अभिलखों का सत्यापन, उद्यानिकी, एक जिला एक उत्पाद सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डिंडौरी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम डिंडौरी, एसडीएम शहपुरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, कार्यपालन यंत्री आरईएस, एसडीओ वन विभाग, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर तक पेजयल पहुंचाया जाए। पेयजल के लिए सभी जल संसाधनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जिले में लोगों को किसी भी प्रकार से पेयजल समस्याओं का सामना न करना पड़े। पेजयल समस्याग्रस्त क्षेत्रों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जाए। कलेक्टर झा ने इसके बाद विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के निर्देश दिए। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति की जा सके। उन्होंने विद्युत समस्याओं से संबंधित शिकायतों का भी निपटारा करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने इसके बाद सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक दर्ज किया जाए। शिकायतकर्ताओं से लगातार संपर्क कर शिकायतों का निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निपटारा लेवल-1 एवं लेवल-2 पर ही करना सुनिष्चित करें। जिससे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ आसानी से मिले और योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का निपटारा शीघ्र ही करने के निर्देश दिए। जिससे पीडित परिवार को सहायता राशि समय में प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री झा ने इसके बाद रोजगार मेला आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिमाह रोजगार मेले का आयोजन किया जाए। उन्होंने रोजगार मेले का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

युवा मोर्चा ने फूँका कमलनाथ का पुतला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा के लिए अभद्र टिप्पड़ी करने पर युवा मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

डिंडौरी नवप्रदेश- भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार जी के आह्वाहन पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नरेन्द्र राजपूत जी के मार्गदर्शन पर व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीश शर्मा के निर्देशन व युवा मोर्चा जिलामहामंत्री हर्षवर्धन कटारे के नेतृत्त्व में आज भारत माता चोंक में कमलनाथ का पुतला किया गया ।कमलनाथ के द्वारा मध्यप्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी के संबंध में अभद्र टिप्पणी की गई थी जिसका विरोध करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा डिंडोरी के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता चोंक में कमलनाथ के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा कमलनाथ के पुतले को घसीट कर भारत माता चोंक लाया गया और जमकर नारे बाजे की गई उसके पश्चात पुतला दहन किया गया ।युवा मोर्चा जिलामहामंत्री हर्षवर्धन कटारे में कहा कि 1984 के सिख दंगो के आरोपी,आगस्टा वेस्टलैंड सौदे के दलाल,राहुल गांधी के मूत्र को अमृत मानने वाले,गांधी परिवार की गुलामी करने वाले ओर चप्पल उठाने वाले कलंकनाथ उर्फ कमलनाथ के द्वारा की गई ये अभद्र टिप्पड़ी का युवा मोर्चा पुरजोर विरोध करता है ऐसे देश द्रोही कांग्रेसी नेता को कोई हक नही कि वो हमारे प्रदेश के सम्मानीय प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा जी के लिए अपशब्द बोले ।कमलनाथ को हमारे प्रदेश अध्यक्ष से मांफी मांगनी होगी और अपने शब्दों को वापिस लेना होगा नहीं तो युवा मोर्चा और उग्र रूप से आंदोलन करके अपना विरोध प्रदर्शन करेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष अविनाश गोग्या,अनूपपुर युवा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह,योगेश यादव,हरीश चौरसिया,शशिकांत सिंह,अभय प्रधान,अनुज पटेल,प्रिंस सिंह राजपुत,लकी रैकवार,दीपक झरिया,आदर्श अग्रवाल,सोनू बैगा व अन्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।।

अमन चैन की दुआ मांगी, दी मुबारकबाद

शहडोल नवप्रदेश

इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद का जन्म उत्सव जश्ने ईद मिलादुन्नबी मंगलवार को भरपूर अकीदत और आस्था के साथ मनाई गईद्य मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ईद मुबारक मौके पर हरे झंडे लगाए गए सड़कों पर बैनर लगे मस्जिदों में शानदार सजावट की गईद्य कलेक्टर और शासन के निर्देश का पालन करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया और एक दूसरे को बधाई दीद्य मस्जिदों के सदर ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद पेश करते हुए पर्व को शालीनता और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई थी और शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने त्यौहार मनाया।

शरद पूर्णिमा आज, बरसेगा अमृत

शहडोल नवप्रदेश। अश्वनी मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा मनाई जाती हैद्य इस साल पूर्णिमा पर हिंदू पंचांग में तारीख को लेकर भेद हैद्य इसलिए कई स्थानों पर 20 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा त्योहार मनाया जाएगाद्य शरद पूर्णिमा को कोजागरी भी कहा जाता है इस दिन रात्रि जागरण और चांदनी रात में रखी खीर को सुबह भोग लगाकर खाने का विशेष महत्व हैद्य मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात्रि माता लक्ष्मी धरती पर आती हैद्य माना जाता है कि इस रात को लक्ष्मी की पूजा करने से भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती है वह सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होती है वही इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता हैद्य शरद पूर्णिमा के बाद सर्दी का एहसास होने लगता हैद्य मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से संपूर्ण होकर पृथ्वी पर अपनी अमृत वर्षा करता है इस रात खुले आसमान में खीर बनाकर रखने व दूसरे दिन उसके सेवन किया जाता हैद्य कहां जाता है की खीर अमृत समान होती है शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की उपासना भी फलदायक होती है ब्रह्म कमल भी इसी रात खिलता है।

जीर्ण शीर्ण मार्ग के सुधार के बाद हो टैक्स वसूली का निर्णय सुजीत

शहडोल नवप्रदेश

बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुधवार के अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल ने कहा कि रीवा से अमरकंटक मार्ग की जर्जर हालत को गंभीरता से वर्तमान सरकार नहीं ले रही है और नागरिकों से रोड टैक्स के नाम पर पुनः वसूली कर निर्णय लिया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निंदा करती है ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि एनएच 57 पर स्थित रोहनिया टोल प्लाजा में बैरियर लगाए जाकर 15 वर्ष के रोड टैक्स की वसूली की जा रही है किंतु रीवा से अमरकंटक मार्ग की हालत वर्तमान समय पर जीर्ण सीड अवस्था में है जिसकी पैचिंग भी नहीं कराई जा रही है और 20 अक्टूबर से रोड टैक्स वसूली का फरमान जारी किया गया है जो वाहनों से वसूला जाना है यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय हैद्य चंदेल ने कहा कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहन मालिक सड़क की जीवन हालत का सुधार के उपरांत रोड टैक्स देने के पक्ष में है जो पूर्णता उचित है मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम जन भावनाओं का सम्मान करते हुए रोड टैक्स वसूली का निर्णय लें जो स्वागत योग्य माना जाएगा और बिना मार्ग के सुधार कार्य कराए टैक्स वसूली का निर्णय लिया गया तो ब्लॉक कांग्रेश सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

मछली मारने वाले जाल में फंस कर तालाब से बाहर आया वृध्द का शव

अज्ञात व्यक्ति की तालाब में शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

डिंडौरी नवप्रदेश

गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखपुर में सोमवार की दोपहर में कस्बा के मुख्य मार्ग के किनारे बड़े तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दरअसल सोमवार को साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने के लिए मछली मारने के उद्देश्य से केवट समाज के लोग तालाब में जाल डाले थे ,जाल खींचते समय तालाब के पश्चिम दिशा की ओर एक लाश फंसकर बाहर आ गया। जाल वाले ने जैसे ही लाश को देखा तो तालाब के मालिक को इसकी जानकारी दिया, पुलिस को भी सूचना दिया गया और कुछ समय बाद धीरे धीरे जैसे ही कस्बा के लोगों को पता चला कि तालाब में शव मिला है, तो कस्बा के अंदर यह खबर जंगल में लगे आग की तरह फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। फिलहाल तालाब में मृत पाए गए व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई हैं पुलिस ने मर्ग कायम जांच में जुट गई हैं ।

घाट के ऊपर झोला समेत अन्य सामग्री मिले

तालाब में जिस स्थान पर अज्ञात व्यक्ति की लाश तालाब के अंदर औंधे मुंह पड़ा था ठीक उसके ऊपर यानि तालाब की मेड़ के किनारे एक थैला गमछा और नारियल अगरबत्ती फैला मिला हैं ,जबकि मेड़ के नीचे खेत में जूता चप्पल भी मिला हैं। घटना को लेकर लोगों के द्वारा अलग अलग चर्चा कर रहें हैं शव को देखने बाजार में आए लोगों समेत स्थानीय लोगों का शाम तक हुजूम लगा रहा ।शाम को गाड़ासरई थाना का पुलिस बल थाना प्रभारी के नेतृत्व में वारदात स्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया, वहीं मौके पर मिलें सामग्रियों को भी जप्त कर लिया हैं तथा घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर घटना के सभी पहलुओं पर नजर रखें हैं आसपास के लोगों से पूछताछ भी किया हैं । लेकिन किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पाई हैं ।

इनका कहना है

ग्रामपंचायत गोरखपुर के तालाब में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला हैं शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं फिलहाल उक्त मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है एवं घटना के कारणों की जांच पड़ताल में जुट गए हैं ।

भूपेंद्र सिंह पेन्द्रो
थाना प्रभारी ,गाड़ासरई

संपादकीय

कश्मीर में बिगड़ते हालात

कश्मीर में एक बार फिर आतंकवादियों के हौसले बुलंद होने लगे है। हालांकि भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान छेड़ रखा है लेकिन वहां सक्रीय आतंकवादी कश्मीर घाटी में दहशत का माहौल पैदा करने में सफल हो रहे है। अब उन्होने टरगेट किलिंग शुरू की है। दो बिहारी प्रवासी मजदूरों की गोलीमार कर हत्या करने के बाद कश्मीर में सक्रीय एक आतंकवादी संगठन ने चेतावनी जारी की है कि कश्मीर से सभी गैर कश्मीरी बाहर चले जाएं वरना उनका अंजाम बुरा होगा। एक सप्ताह के भीतर वहां अब तक 11 प्रवासी लोगों की जघ्न्य हत्या कर दी गई है। इससे वहां जाकर कमाने खाने वाले प्रवासी मजदूरों में भय का माहौल पैदा हो गया है और जम्मू के रेलवे स्टेशन में प्रवासी मजदूरों की भीड़ उमड़ने लगी है। वे सभी जल्द से जल्द अपने राज्यों में लौटना चाहते है। उनका कहना है कि कश्मीर घाटी उनके लिए सुरक्षित नहीं है इसलिए अब वे फिर कभी लौट कर यहां नही आएंगे। हाल में ही हुई इन घटनाओं से एक बार फिर 90 का दशक याद आता है जब वहां कश्मीरी पंडितों के खिलाफ इसी तरह आतंक और भय का माहोल पैदा किया गया था। चून चून कर कश्मीरी पंड़ितों को निशाना बनाया गया था इसकी वजह से लाखों की संख्या में कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी छोड़ने पर बाद्ध हो गए थे। वे आज भी अपने ही देश में दूसरे राज्यों में शरण लिए हुए है। जाहिर है एक बार फिर कश्मीर में 90 के दशक वाले हालात पैदा करने की कोशिश की जा रही है इसलिए केन्द्र सरकार को इसपर तत्काल कड़े कदम उठाने होंगे। केन्द्रिय गृह मंत्रालय ने एक उच्च स्तरीय बैठक कर एक्शन प्लान तैयार किया है और कश्मीर में रहने वाले गैर कश्मीरियों की सुरक्षा के इंतजाम करने की कवायद भी शुरू की है। सबसे जरूरी यह है कि कश्मीर में जो भी आतंकवादी बचे हुए है उनके खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबल अपने अभियान को और तेज करें, साथ ही इन आतंकवादियों के हिमायतियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करें अन्यथा कश्मीर में हालात और बिगड़ते गए तो फिर वहां से गैर कश्मीरी पलायन के लिए विवश हो जाएंगे।

विचार

महंगाई के एक नए दौर की आहट

महंगाई एक ऐसी चीज है, जो कभी खबरों से बाहर नहीं होती। कभी इसके बढ़ने की खबर है, तो कभी घटने की। बताया जाता है कि महंगाई ने इस देश में कई बार सरकारें भी गिरा दी हैं। हालांकि, आजकल के हालात देखकर यकीन करना मुश्किल है कि ऐसा भी होता होगा।

महंगाई के मोर्चे पर पिछले कुछ दिनों में आई खबरों पर नजर डालें, तो क्या दिखता है? सितंबर में खुदरा महंगाई की दर पांच महीने में सबसे नीचे आ गई है, जो त्योहारी सीजन में अच्छी खबर मानी जा रही है। दूसरी तरफ खाने के तेलों की महंगाई से परेशान केंद्र सरकार ने इनके आयात पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने और सेस घटाने का एलान किया है। सब्जियों की उठापटक तो मौसमी खबर होती है, लेकिन इस वक्त टमाटर की महंगाई चौतरफा मार कर रही है। इसके बावजूद सितंबर का थोक महंगाई दर का आंकड़ा लगातार चौथे महीने गिरा है और अब वह 10.66 प्रतिशत हो गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है, खाने-पीने की चीजों की महंगाई में नहीं, बल्कि दामों में भारी गिरावट। ध्यान रहे कि महंगाई में गिरावट का मतलब दाम कम होना नहीं है, बस दाम बढ़ने की रफ्तार में कमी आती है। जबकि सितंबर के आंकड़े में खाने-पीने की चीजों के दाम में 4.69 प्रतिशत की कमी आई है। यानी, यहां दाम बढ़ने के बजाय घटे हैं। दूसरी तरफ, मैन्युफैक्चर्ड उत्पाद या फैक्टरी में बननेवाली चीजों की महंगाई दर में मामूली बढ़त हुई है और कच्चे तेल के दामों की वजह से ईंधन की महंगाई दर कुछ कम होने के बाद भी करीब 25 फीसदी पर थी। ये सितंबर के आंकड़े हैं। अक्तूबर की शुरुआत से अब तक डीजल-पेट्रोल का हाल बता रहा है कि आगे भी यहां कोई राहत दिखने के आसार नहीं हैं। तो अब हिसाब जोड़िए कि महंगाई कम हो रही है या बढ़ रही है? सरकार और सरकारी पैरोकारों की मानेंगे, तो यह घटती दिखेगी और इसके समर्थन में तर्क भी मिल जाएंगे व सुबूत भी। लेकिन थोड़ी गहराई में चलें, तो बात कुछ और ही है। अभी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या आईएमएफ ने दुनिया की आर्थिक तरक्की के जो अनुमान जारी किए हैं, उन्हें दिखाकर बहुत से लोग ढोल पीट रहे हैं कि भारत का विकास दुनिया में सबसे तेज होने वाला है। लेकिन वे यह नहीं देख रहे हैं कि मुद्रा कोष ने इन आंकड़ों के साथ हल्के से एक चेतावनी भी दी है, और वह चेतावनी महंगाई का ही खतरा दिखा रही है। बेशक, भारत का रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति में कह चुका है कि अगले तीन महीनों में महंगाई काबू में रहने के ही आसार दिख रहे हैं। लेकिन मुद्रा कोष की चेतावनी तीन महीनों से आगे की है। उसका कहना है कि अगले साल के मध्य तक दुनिया भर में महंगाई की दर कोरोना से पहले के स्तरों पर पहुंच जाएगी। इसका मुकाबला करने के लिए जल्द ही एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। यही नहीं, आईएमएफ का यह भी कहना है कि महंगे पेट्रोल और डीजल का बाकी हर चीज की महंगाई पर थोड़ा असर पड़ता है, लेकिन वही काफी है। दूसरे शब्दों में, कच्चे तेल के दामों में आ रही तेजी और उससे भारत में महंगाई बढ़ने की आशंका को नजरंदाज करना दुस्साहस ही कहा जा सकता है। आईएमएफ ने अप्रैल में कहा था कि चालू साल में भारत की महंगाई दर 4.9 फीसदी रह सकती है, लेकिन अब उसने इसे बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है।

राष्ट्रनीति बनाम राजनीति

डॉ रामेश्वर मिश्र

> आज देश में अनेक ऐसे विषय हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर देश की व्यवस्था को प्रभावित करेंगें लेकिन राजनैतिक मकड़जाल के चलते आज उन नीतियों की चर्चा के इतर धार्मिक, जातिगत शब्दों के इस्तेमाल की खबरों को प्रमुखता के साथ हमारी नजरों सामने दौड़ाया जा रहा है। इस समय सरकार की नीति का मुख्य विषय अभिनेताओं को राजनैतिक सियासत का हिस्सा बनाना, धर्म एवं जातिगत विषयों को राजनैतिक एजेंडा बनाना और चुनाव में जीत-हार की राजनीति को प्रमुखता देना है जिससे देश में आम जनमानस के हितों तथा राष्ट्रीय हितों से जुड़े प्रश्न बहुत दूर छूट जा रहे हैं। वर्तमान समय में देश में अनेक समस्याएं हैं जैसे देश का भुखमरी में 94वें पायदान से फिसलकर पाकिस्तान एवं बांग्लादेश से भी पीछे गिरते हुए 102वें पायदान पर पहुंच जाना है जो हमारी सरकार की राष्ट्रनीति और राजनीति के अन्तर को दर्शाता है।

कुछ महीनों में पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव होने वाले हैं ऐसे में यह विषय महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे लिए राष्ट्रीय विषय महत्वपूर्ण हैं या राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति वाले एजेंडे महत्वपूर्ण हैं। राजनीति को राष्ट्रनीति से जोड़कर हमेशा से देखा जाता रहा है और लोगों की यह धारणा है कि राष्ट्रनीति को महत्वपूर्ण स्थान देने वाली राजनैतिक पार्टी राजनीति का सफलतम केंद्र बिन्दु होती है और वही पार्टी चुनाव में विजय प्राप्त करती है लेकिन आज बदलते दौर में राजनीति और राष्ट्रनीति दो अलग केंद्र बिन्दु बन गए हैं। आज हमारे देश का युवा राजनीतिक घेराबंदी तथा निजी स्वार्थ की प्रबलता के चलते यह निर्णय लेने में असफल है कि अमुक राजनीतिक निर्णय राष्ट्रनीति को किस प्रकार प्रभावित करेगा। आज इन्ही भावनात्मक संवेदनाओं का कुछ विशेष पार्टियों द्वारा लाभ उठाया जा रहा है, राष्ट्रवाद, देशभक्त, देशद्रोही आदि शब्दों के जाल में आम जनमानस को फसाने का राजनीति में घिनौना खेल खेला जा रहा है। इन्ही मकड़ जालों के परिणामस्वरूप राजनीति में बाजीगर, जादूगर, नृपनिर्माता, आधुनिक चाणक्य आदि शब्दों का इस्तेमाल बढ़ा है, आज वक्त देश के बदलते हालातों पर नजर बनाये रखने की है क्योंकि देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं जो देश की व्यवस्था में बहुत ही आमूल-चूल परिवर्तन को रेखांकित करने वाले हैं जिसका प्रभाव आने वाले समय में हमारी पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। आज देश में अनेक ऐसे विषय हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर देश की व्यवस्था को प्रभावित करेंगें लेकिन राजनैतिक मकड़जाल के चलते आज उन नीतियों की चर्चा के इतर धार्मिक, जातिगत शब्दों के इस्तेमाल की खबरों को प्रमुखता के साथ हमारी नजरों सामने दौड़ाया जा रहा है। इस समय सरकार की नीति का मुख्य विषय अभिनेताओं को राजनैतिक सियासत का हिस्सा बनाना, धर्म एवं जातिगत विषयों को राजनैतिक एजेंडा बनाना और चुनाव में जीत-हार की राजनीति को प्रमुखता देना है जिससे देश में आम जनमानस के हितों तथा राष्ट्रीय हितों से जुड़े प्रश्न बहुत दूर छूट जा रहे हैं। वर्तमान समय में देश में अनेक समस्याएं हैं जैसे देश का भुखमरी में 94वें पायदान से फिसलकर पाकिस्तान एवं बांग्लादेश से भी पीछे गिरते हुए 102वें पायदान पर पहुंच जाना है जो हमारी सरकार की राष्ट्रनीति और राजनीति के अन्तर को दर्शाता है। सरकार की नीतियां जब राष्ट्रनीति के इतर कार्य करती है तो देश में ऐसे संकटों की

> अपनी अदूरदर्शी एवं राजनैतिक हितों की पूर्ति के लिए जो नीति अपनायी गयी उससे देश की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट लगी है जिससे जीडीपी में संकुचन देखने को मिला है जो देश की गिरती अर्थव्यवस्था का सूचक है। इस आर्थिक संकट से जूझ रही अर्थव्यवस्था को निकालने के लिए सरकार ने सरकारी सम्पत्तियों के बिक्रय का मार्ग अपनाया है। सरकारी सम्पत्तियों को बेचकर धन जुटाने की इस जुगत में सरकार ने अब सरकारी जमीन का 1500 एकड़ भी बेचने की घोषणा की है, सरकार की इसी अदूरदर्शी बिक्रय नीति के चलते आज सरकार के पास अपनी कोई विमान कम्पनी नहीं रह गयी।

खबरें आना स्वाभाविक ही है। देश में इस समय सरकार द्वारा निजीकरण का दौर चलाया जा रहा है, बैंकिंग, रेलवे, यार्ड, स्टेडियम, खाद्य भंडार, बीमा, हाईवे, एयरपोर्ट, एयर इंडिया आदि क्षेत्रों की नीलामी के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा प्रीविड को आमंत्रित किया जा रहा है। सरकार ने इन क्षेत्रों के साथ-साथ मेक-इन-इंडिया के नाम पर पहली बार रक्षा विभाग में भी निजी कंपनियों की भागीदारी का मार्ग विनिवेश के नाम पर खोल दिया है। अपनी अदूरदर्शी एवं राजनैतिक हितों की पूर्ति के लिए जो नीति अपनायी गयी उससे देश की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट लगी है जिससे जीडीपी में संकुचन देखने को मिला है जो देश की गिरती अर्थव्यवस्था का सूचक है। इस आर्थिक संकट से जूझ रही अर्थव्यवस्था को निकालने के लिए सरकार ने सरकारी सम्पत्तियों के बिक्रय का मार्ग अपनाया है। सरकारी सम्पत्तियों को बेचकर धन जुटाने की इस जुगत में सरकार ने अब सरकारी जमीन का 1500 एकड़ भी बेचने की घोषणा की है, सरकार की इसी अदूरदर्शी बिक्रय नीति के चलते आज सरकार के पास अपनी कोई विमान कम्पनी नहीं रह गयी। सरकार की इन्ही आर्थिक नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था पर कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों की दखल की नौबत आ गयी है तथा पूरी आर्थिक नीति कुछ पूंजीपतियों के हितों से तय की जाने लगी है। देश में राष्ट्रनीति एवं राजनीति के अन्तर का ही प्रभाव है कि देश का अन्नदाता लगभग 11 महीनों से सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर है जिसे सरकार द्वारा आन्दोलनजीवी, आतंकवादी, मवाली, मावोवादी, खलिस्तानी आदि की संज्ञा दी जा रही है। देश में सरकार और किसानों में विरोध तो कई बार हुए हैं लेकिन किसानों को अपमानित, प्रताड़ित तथा गाड़ी से कुचलने की घटना इतिहास में पहली बार देखी गयी है जैसा कि आज बदलते दौर में निः संदेह हो रहा है क्योंकि सरकार की नीति राष्ट्र हितों के इतर राजनैतिक हितों पर केन्द्रित है। राजनीति में जब राष्ट्रनीति की उपेक्षा होती है तब अंतर्राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज किया जाता है जिसका प्रतिफल यह होता है कि पड़ोसी देश चीन द्वारा भारतीय उप-राष्ट्रपति जी के अरुणांचल दौरे पर रोक लगाई जाती है, चीन द्वारा हमारी उत्तराँचल सीमा में 5 किलोमीटर अन्दर घुसकर पुलिया को तोड़ दिया जाता है तथा सरकार द्वारा इसका दोष विपक्ष पर मढ़ने का असफल प्रयास किया जाता है। जब राजनीति में राष्ट्र हितों को महत्व नहीं मिलता है तब देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले किसानों और कम्पनियों को देशद्रोही कहा जाता है जैसे पिछले कुछ दिनों में इन्फोसिस, टाटा और किसानों के सन्दर्भ में सुनने को मिला है। राजनीति, राष्ट्रनीति से तब अहम बन जाती है जब देश के हितों से जुड़े विषयों की अनदेखी होने पर भी हम राजनैतिक पार्टियों की रणनीति का हिस्सा बन जाते हैं तथा अपने स्वार्थों के की पूर्ति हेतु उन्हीं विरोधी विचारों के लिए लड़ने लगते हैं और राष्ट्र से ऊपर राजनीति को स्थान देते हैं। राजनीति जब राष्ट्रनीति से अलग होती है तो देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ता है तथा सरकार की हिस्सेदारी कम होने लगती है। जब राजनीति में राष्ट्रीय हितों को स्थान नही मिलता है तब देश के प्रमुख संस्थानों में निजी कंपनियों के प्रवेश को विनिवेश की संज्ञा दी जाती है, देश की सरकारी सम्पत्तियों के बिक्रय को मेक इन इण्डिया की संज्ञा दी जाती है, देश की जर्जर स्वास्थ्य सुविधाओं से निपटने में तथा अपने लोगों को महामारी से बचाने की जद्दोजहत को आत्मनिर्भर भारत कहा जाता है। किसान, बेरोजगार, गरीबी, भुखमरी, जन-स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, कुपोषण, गिरती अर्थव्यवस्था, पड़ोसी देशों द्वारा सीमा अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों की अनदेखी की जाती है तथा इसके इतर देश में अभिनेताओं की चर्चा, लबजिहाद, वीर सावरकर की माफीनामा, हिन्दू-मुसलमान, अब्बाजान-चचाजान, धर्मपरिवर्तन जैसे गैर जरूरी विषयों की चर्चा को महत्व दिया जाता है।

महर्षि बाल्मीकि का विश्व विख्यात रामायण और भ्रातृत्व स्नेह

डा. संजय कुमार

> माता सदैव पुत्र का उपकार ही करती है और पुत्र का लाख अपकार करने वाली माँ को भी सदैव पूजनीय, वन्दनीय रूप में ही स्वीकार किया गया है। इस रामायण को मित्रता की कसौटी के रूप में भी देखा जाता है। इस तरह यह एक व्यावहारिक शास्त्र के रूप में सामने आता है। मानव जीवन में भ्रातृत्वभाव का यहां अद्भुत स्वरूप दिखलाया गया है। यहां राम के बिना लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न या लक्ष्मण के बिना राम या भरत के बिना राम आदिका जीवन नगण्य है। यद्यपि बाली सुग्रीव को अत्यधिक प्रताड़ित किया हुआ रहता है फिर भी जब राम बाली का वध करते हैं तब सुग्रीव का भ्रातृत्व वियोग पाषाण हृदय को भी द्रवित करने वाला दृष्टिगोचर होता है।

आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व भारतीय भूमि पर एक अद्भुत घटना के रूप में महर्षि वाल्मीकि का आविर्भाव हुआ जिन्होंने आदिकाव्य वाल्मीकि रामायण की रचना की। यह आदिकाव्य रामचरित के रूप में केवल प्रसिद्ध ही नहीं है अपितु यह आचरण, व्यवहार, जीवन- दर्शन ,कर्म ,त्याग ,प्रेम ,समर्पण और वैराग्य का ऐसा समुच्चय प्रस्तुत करता है जिसके कारण उसे भारतीय संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। कथा प्रसिद्ध है कि व्याध के बाण से विधि हुए क्रौंच पक्षी के लिए विलाप करने वाली क्रोंची के करुण- क्रंदन को सुनकर महर्षि वाल्मीकि के मुख से अकस्मात ही प्रथम लौकिक छंद निकल पड़ा था- मा निषाद प्रतिष्ठास्त्वमगमःशाश्वतीःसमाः। यत क्रौंच मिथुनादेकमवधीः काममोहितम।। अर्थात हे निषाद तुमने काम से मोहित इस क्रौंच पक्षी को मारा है अतः सदा- सदा के लिए प्रतिष्ठा को मत प्राप्त होओ। महर्षि वाल्मीकि के हृदय में स्थित शोक ही श्लोक रूप में परिणित होकर चतुर्विंशति साहस्त्री संहिता से युक्त बाल्मीकीय रामायण नाम से प्रसिद्ध हो गया। चतुर्विंशति साहस्त्री संहिता का अभिप्राय चौबीस हजार श्लोक से है। यह संख्या उतने ही हजार है जितने गायत्री मंत्र में अक्षर हैं। प्रत्येक हजार प्रथम गायत्री मंत्र के अक्षर से ही प्रारंभ होता है। यद्यपि महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय के विषय में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त नहीं होती है। कहीं उन्हें बल्मीक(दीमक)के कारण बाल्मीकि नाम से अभिहित किया गया है तो कहीं जन-सामान्य से जुड़ा एक व्यक्ति बताया गया है। एक किंबदंती के अनुसार यह भी कहा जाता है कि महर्षि वाल्मीकि प्रारंभ में चोरी का कार्य करते थे जिनका नाम रत्नाकर था। उस चोरी के कार्य से ही रत्नाकर अपने परिवार का भरण -पोषण करते थे। किसी समय उन्हें नारदमुनि से भेट हुई। उन्होंने रत्नाकर से पूछा कि यह चोरी का कार्य क्यों करते हो ? तब रत्नाकर ने उत्तर दिया हैं कि मैं इसीसे अपने परिवार का पालन- पोषण करता हूं। पुनः नारद ने कहा कि इससे पाप का भागी बनना पड़ेगा। इस पाप कर्म से अर्जित धन से जिस परिवार को पालते हो क्या वे भी इसके भागी बनेगें ? इस प्रश्न पर बाल्मीकि मौन हो जाते हैं और पूछने के लिए अपने परिवार के पास जाते हैं। परिवार के लोग सीधे-सीधे कहते हैं कि जो करेगा वह भ रेगा। यानी पाप कर्म तो आप कर रहे हैं तो पाप का फल भी आप ही भोगेगें। परिवार जनों की यह बात सुनकर महर्षि वाल्मीकि को बहुत ही कष्ट हुआ और वे महर्षि नारद के शरण में आ गए। महर्षि नारद ने उन्हें राम-राम का जांप मंत्र दिया और इसी राम नाम से वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गये। पौराणिक मान्यता के अनुसार यह भी माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि का जन्म महर्षि कश्यप और अदिति के नवे पुत्र वरूण और उनकी पत्नी चर्षणी के कोख से हुआ है। इन्हें भृगु का छोटा भाई भी कहा जाता है। अश्विन मास की शरद पूर्णिमा के दिन इनका जन्म हुआ था। इसलिए आश्विन पूर्णिमा को बाल्मिकीय जयंती के मनाया जाता है। इस दिन आकाश से अमृत की वर्षा होती है। जिसका भरतीय परम्परा में विशेष महत्व माना जाता है। इस तरह महर्षि बाल्मीकि कोई भी रहे हों यह अलग विषय है। लेकिन जो उनका अवदान है, उससे संपूर्ण भारत की प्रतिष्ठा विश्व के आकाश मंडल में व्याप्त हो गई है। इनकी कृति बाल्मीकीयरामायण को भारत का गौरव ग्रंथ कहा जाता है और महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि। बल्मिकीयरामायण के राम से ही प्रभावित होकर विश्व की अनेक भाषाओं में रामचरित लिखा गया। संपूर्ण विश्व वाड्मय का प्रेरणा स्रोत बाल्मीकि रामायण को माना जाता है। क्योंकि यहां जो समाज दर्शन का प्रतिबिंबन किया गया है वह अन्यत्र दुर्लभ है। सभी साहित्य इसके त्याग, पारिवारिक संबंध ,सामाजिक संबंध , समर्पण और कर्तव्य से प्रभावित हैं। महर्षि बाल्मीकि ने ऐसे रामचरित का निर्माण किया है जिनका नाम सुनते ही प्रजा वत्सल राजा, आज्ञाकारी पुत्र ,स्नेही भ्राता, विपद ग्रस्त मित्रों के बंधु का चित्र हमारे मानस पटल पर अंकित हो जाते हैं। वहीं जनकनंदिनी सीता का नाम आते ही पतिव्रता स्त्री की ऐसी मूर्ति उपस्थित हो जाती है जो युगों युगों तक अपने आदर्शमय जीवन से सबके हृदय को रंजीत करती रहेगी। यदि पिता के स्नेह को देखा जाए तो वह पुत्र वियोग में अंतिम परिणति तक पहुंचता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िन्दगी में दर्द है

ज़िन्दगी में दर्द है या दर्द में ज़िन्दगी जान ही नही पाई कभी दर्द सहती हूँ मै या मुझे सहता है दर्द ये भी कभी जान नही पाई तुम बताओ ना इस कशमकश से कैसे आज़ाद करूँ खुद को नही बता पाओगे छोडो मेरे लिये इतना ही काफी है तुम साथ हो क्या फर्क पड़ता है ज़िन्दगी में दर्द है या दर्द में ज़िन्दगी। - **सविता वर्मा गजल**

यह आग ही जब

यह आग ही जब राग है तो आपके लिए फाग है बातें ना कर महंगाई पर किसी भ्रमर का ये पराग है घर छोड़ योगी न हम हुए जिसे राग है न विराग है है बुद्ध के घर युद्ध अब भंते ! ये तेरा अभाग है हर टहनी पर सूरज टंगा यह जम्हूरियत का बाग है घर के उजाले में.. लौ लगा ये दिया पिया का. सुहाग है लगी प्यास हो तो सब्र कर सागर उलीचता झाग है खानाबदोश है जिंदगी हर ठौर बैठा नाग है। - **नरेंद्र पाण्डेय**

खास पाती | किरण चांदनी से यह बोली

किरण चांदनी से यह बोली मुझको ऐसे गांव हैं जाना। जहाँ कछारों में चरते हों हिरनों के छौने खेतों में माँ की गोदी से लिपटे हों, हों खरगोश जहां रेतों में शीतल -शीतल बहें बयारें इश्क लड़ाएं नदी की धारें पपीहा पिहू -पिहू करें पुकारें रिमझिम रिमझिम गिरें फुहारें मस्त हवा के झोंके गाते मोर करें बादल से बातें चिड़ियों के पंखों पर बैठे बादल दूर तलक लहराते पत्तों मे छुप-छुप के बुलबुल जहाँ सुनातीं प्रेम तराना, साँझ सुनहली चूनर ओढ़ेगातीं आ झरनों पर गाना मुझको ऐसे गाँव।- **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

सरे महफिल मुझे इश्क़ का ईनाम

सरे महफिल मुझे इश्क़ का ईनाम दे गया, इक गज़ल सुबह तो इक गज़ल शाम दे गया। दे गया दिल में रिस रहे जख्मों के फफोले, दो सजल नयनों में रिश्तों को, विराम दे गया। रख दिया सब्र को उम्र की गठरी में लपेट के, जिस्म को तन्हा जिंदगी को, नकाम दे गया। बढ़ चले अब कदम छूने वो मंजिले आसमाँ, शब्दों को अर्थ और सपनों को,मुकाम दे गया। ढूँढती फिरती है सकिरण परछाइयों के कतरे, गुम हुआ जालिम और वफा को अराम दे गया। - **किरण मिश्रा**

ज़िंदगी के सफर में कोई तनहा

ज़िंदगी के सफर में कोई तनहा नहीं होता। कुछ चेहरे, कुछ बातें, कुछ लम्हे, कुछ सच, कुछ झूठ, कुछ यादें, कुछ वादे, कुछ सपने, कुछ अपने, कुछ हार, कुछ जीत, कुछ हौसले, कुछ मुश्किलें, तमाम उम्र साथ रहते हैं वक़्त की इस तेज़ रफ़्तारी में पलों को बरसों में बदलते देखना भी ज़िंदगी ही तो है... यह एक ऐसा आयाम है जहाँ जीवन एक पाठशाला होता है और जीने वाला विद्यार्थी। - **संध्या शर्मा**

भारतीय गणतंत्र का सबसे बड़ा

भारतीय गणतंत्र का सबसे बड़ा और एकमात्र महत्वपूर्ण ग्रंथ हमारा संविधान है जो हमे जीवन की गारंटी ,शिक्षा की गारंटी ,रोजगार की गारंटी ,स्वास्थ्य की गारंटी देता है। किसी अन्य ग्रंथ में यह सभी चीजें नगण्य है फिर भी संविधान की बातें न कर किसी और के लिये पाशविक और बर्बर तरीके से हत्या ? - **एड. अरूण कुमार गुप्ता**

महिलाओं के लिए अक्सर कहा

महिलाओं के लिए अक्सर कहा जाता है कि वह हर जगह गप्पे मारने खड़ी हो जाती हैं।बहुत ज्यादा बातूनी होती हैं... बहुत ज्यादा फलाना ढिकाना होती हैं लेकिन कहने वाले यह नहीं जानते कि महिलाएं बहुत ज्यादा समझदार होती हैं तभी गपियाना थेरेपी का इस्तेमाल करती हैं। **-दिव्या राकेश शर्मा**

दुःख में स्वयं की एक ऊँगली

दुःख में स्वयं की एक ऊँगली ही आंसू पोंछती है,और सूख में दसों उँगलियाँ ताली बजाती हैं, जब अपना शरीर ही ऐसा करता है, तो दुनिया का गिला शिकवा क्या करना।

-अश्क शायर

देख बुराई कब भला भरती नई

देख बुराई कब भला, भरती नई उड़ान। अच्छाई के सामने, गिर जाता शैतान। रावण कलयुगि जान ले ,तू अपना अन्जाम। अपना ले अच्छाइयाँ, छोड़ गलत सब काम। विजयादशमी पर्व का ,जानो सीधा अर्थ। बिन मर्यादा जीव का, जीवन होता व्यर्थ।

- रानी इन्दु

QUIZ TIME

1) किस जलप्रपात को छत्तीसगढ़ की गंगा कहा जाता हैं?
2) हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किस जिले में पर्वतारोहरण अकादमी खोलने की घोषणा की है?
3) देश का दूसरा सबसे बड़ा फूड पार्क छत्तीसगढ़ के किस जिले में बनाया जा रहा है?
4) रायपुर में रेलवे वैगन रिपेयर वर्कशॉप की स्थापना कब हुई थी?
5) 5 जून, 2021 को विमोचित पुस्तक 'बटरफ्लाई ट्रेजर ऑफछत्तीसगढ़' की लेखिका कौन हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अलकनंदा जलप्रपात (2) बस्तर (3) बस्तर (4) 1966 (5) संजीवा गुप्ता

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1689 - रायगढ़ किले में संभाजी की विधवा और उसके बच्चे ने औरंगजेब के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1889 - फ्रांसीसी नेता नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस की राजधानी से अपनी सेना हटाई। 1933 - जर्मनी मित्र राष्ट्रों की संधि से बाहर आया। 1924 - अब्दुल अज़ीज़ ने स्वयं को मक्का में पवित्र स्थानों का रक्षक घोषित किया। 1950 - मदर टेरेसा ने कलकत्ता (भारत) में मिशनरी ऑफ़ चैरिटिज की स्थापना की। 1952 - श्रीरामुलू पोट्टी ने पृथक आंध्र राज्य के लिये आमरण अनशन शुरु किया। 1970 - भारत में निर्मित पहला मिग-21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया। 1983 - भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक डाक्टर एस. चन्द्रशेखर को एक अन्य अमेरिकी वैज्ञानिक प्रो. विलियम्स फ़उलर के साथ भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला। 1994 - जेनेवा में उत्तरी कोरिया और अमेरिका ने कोरिया प्रायःद्वीप को परमाणु हथियारों के प्रसार से मुक्त रखने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किये। 2003 - पोप जॉन पॉल द्वितीय ने मदर टेरेसा को धन्य घोषित किया। यह संत की उपाधि दिये जाने की दिशा में पहला कदम होता है। 2004 - अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने यह रहस्योद्घाटन किया कि अमेरिका की कोशिशों से भारत-पाकिस्तान युद्ध टला। 2005 - ईराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के ख़िलाफ़ बगदाद में सुनवाई शुरू। 2012 - लेबनान की राजधानी बेरुत में बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत, 110 अन्य घायल।

पटवारी ने पिया जहर, हो गई मौत, सुसाइड नोट में पुलिस और प्रशासनिक व्यावस्था को ठहराया जिम्मेदार

रीवा नवप्रदेश ! पुलिस और प्रशासनिक व्यावस्था से परेशान होकर एक पटवारी ने जहरीली दवा पीकर मौत का रास्ता चुन लिया। उसके शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें में उसने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाया है तो वेतन न मिलने का जिक्र भी किया है। घटना रीवा जिले के जवा थाना अंतर्गत इटौरी गांव की है।

ग्रामीणो ने दी पुलिस को सूचना-इटौरी गांव निवासी 48 वर्षीय श्रीनिवास मांझी त्योंथर तहसील के बडागांव मझगवां हल्का में पटवारी के रूप में पदस्थ था। जिन्होंने सोमवार-मंगलवार की रात जहर खाकर जान दे दी। सुबह जब घर के लोगों ने पटवारी को मृत हालत में देखा तो आस-पास के लोगो को इससे अवगत कराया। वही घटनास्थल के पास दो पन्ने का सुसाइड नोट भी मिला। जिसके बाद पटवारी के आत्महत्या किए जाने का पूरा मामला सामने आ गया।

जवा-शंकरगड मार्ग में लगाया जाम-मामले में जांच कारवाई करने पहुची पुलिस के पहुचने के बाद ग्रामीण भडक गए और उन्होने इटौरी मोड स्थित जवा-शंकरगड सडक मार्ग में जाम लगा दिए। ग्रामीणो के बडते आक्रोष और मामला बिगडता देख एसडीओपी त्यौथर समरजीत सिंह सहित आसपास के थानों का पुलिस बल भी मौके पर लगाया गया है। जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने से रोकी जा सकें।

वेतन न मिलने और पुलिस कार्रवाई का जिक्र-पटवारी के शव के पास से जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें उन्होने वेतन न मिलने का जिक्र किया है। उसमें लिखा है कि जुलाई माह से उसका वेतन नही मिल पा रहा है और वह काफी परेशान है। तो वही सुसाइड नोट में उसने यह भी आरोप लगाए है कि दशहरे के दिन बसोर बस्ती के लोगो ने उसके परिवार वालों के साथ मारपीट किए और पुलिस उल्टा उनके परिवार के लोगो पर काउंटर केस दर्ज कर दिया। बहरहाल नाराज ग्रामीणों को पुलिस समझाइस दे रही है तो वही पटवारी के द्वारा उठाए गए कदम को लेकर पुलिस जांच कार्रवाई कर रही है। जांच के बाद उसके द्वारा लगाए गए आरोप और उसके मौत के पीछे की असली कहानी सामने आएगी।

बरौंधा रोजगार सहायक के खिलाफ बरौंधा थाने में की गई शिकायत

सतना। रोजगार सहायक राजेश शर्मा ने मुर्दों के नाम से निकाला मनरेगा में पैसा सतना जिले के मझगवां जनपद पंचायत के बरौंधा ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक के द्वारा मुर्दों के नाम पर भी राशि निकाला गया हैमनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण ग्राउंड निर्माण मशीनों से करा कर फर्जी मास्टर रोल जारी कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है जिंदा तो ठीक लेकिन यहां मुर्दों के नाम से भी जॉब कार्ड बने हैंअशोक चमार पिता गोला चमार जिनकी मृत्यु दिनांक 19/12/2008 को और इनका जॉब कार्ड नं 577 फर्जी मास्टर कार्ड रोल 35766,37153 वर्ष 2018,19 में2088 रुपए भुगतान किया गया है और कई ऐसे फर्जी जॉब कार्ड बने हैं जिनकी मृत्यु होने के बाद भी उनके नाम से राशि निकाली जा रही है ग्राम वासियों को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती मनमानी तौर से कार्य किया जाता है क्या रोजगार सहायक राजेश शर्मा इसी तरह भ्रष्टाचार पर उतारूरहेंगेऐसे ही गरीबों का हक छीनते रहेंगे यहां तक कि रोजगार सहायक के द्वारा सांसद विधायक छवि धूमिल की जाती है शिकायत कर्ताओं को कहते हैं कि आपको जहां भी शिकायत करना है कर लीजिए मेरा कोई बाल बांका नहीं कर सकता क्योंकि मैं विधायक से लेकर सांसद का करीबी हूं अगर ज्यादा दिक्कत आएगी तो मैं एक फोन सांसद एवं विधायक से जिला पंचायत सीईओ को करा दूंगा आप लोगों कोमेरी शिकायत जहां करना हो कर दोमेरे को कोई दिक्कत नहीं है ग्रामीणों को ऐसा लगता है कि रोजगार सहायक की पहुंच नेताओं तक है जिनके दम पर यह पूरे पंचायत में भ्रष्टाचार फैला कर रखे हैं इनकी शिकायत जनपद से लेकर जिला तक की गई है लेकिन आज तक पंचायत में कोई भी अधिकारी जांच करने नहीं पहुंचा जिससे रोजगार सहायक के हौसले और भी बुलंद है और वह और भी भ्रष्टाचार कर रहा है अब ग्रामीणों ने थाना बरौंधा की शरण ली है अब देखना है कि थाना प्रभारी गरीब जनता को क्या न्याय दिला पाएंगे या फिर रोजगार सहायक के पहुंच के कारण वह भी शांत हो जाएंगे

अहम भूमिका निभा रहा मनरेगा अधिकारी रामजी सिंह-रामजी सिंह मनरेगा अधिकारी है उन्हें सभी मनरेगा के मजदूरों की जानकारी रहती है और वह मनरेगा का पेमेंट करते हैं लेकिन कमीशन के दम पर वह भी भ्रष्टाचार में शामिल राजेश शर्मा रामजी सिंह को इतना कमीशन देते हैं कि वह उनके खिलाफ कभी भी सोच नहीं सकते यहां तक कि समय-समय पर मास्टर भी पेमेंट किया जाता है फाइल फील्डिंग से लेकर लास्ट तक मुंह मांगा कमीशनरामजी सिंह द्वारा लिया जाता है जो सरपंच सचिव रोजगार सहायक इन्हें कमीशन नहीं देता तो उनके कामों में यह आनाकानी करते रहते हैं और जहां इन्हें कमीशन इनका मिल जाता है तो उनका काम तुरंत रामजी सिंह द्वारा किया जाता है अगर फर्जी मास्टर ओके भुगतान की जांच जिला के अधिकारियों द्वारा की जाए तो यहां रोजगार सहायक के साथ-साथ रामजी सिंह मनरेगा अधिकारी की भी पोल खुल सकती है अब देखना है कि अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं

मैहर में हाट मेला एवं गरबा महोत्सव के आयोजन का हुआ शुभारंभ

नव प्रदेश मैहर।। मैहर इनरव्हील सामाजिक संस्था द्वारा आज हाट बाजार मेला का भव्य शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी श्रीकांत चतुर्वेदी एवं प्रशासन मैहर एस डी एम धर्मेंद्र मिश्रा तहसीलदार मानवेंद्र सिंह मैहर एसडीओपी हिमाली सोनी मदन गुप्ता मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी सुबोध घई की मौजूदगी में रिबन काटकर मां शारदा के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन किया गया बताया जा रहा है कि इनरव्हील सामाजिक संस्था मैहर की युवा एवं वरिष्ठ समाजसेवी महिलाओं द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्यता गरबा नृत्य महोत्सव है जो दिनांक 20 अक्टूबर को शाम 6ः00 बजे पटेल मैरिज गार्डन कटनी रोड में आयोजित किया जाएगा एवं आज कार्यक्रम का शुभारंभ हाट मेला बाजार एवं फैंसी ड्रेस कंपटीशन आयोजन आयोजित किया गया है ।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व पूरे उत्साह पूर्वक त्योहार मनाया गया

रीवा नवप्रदेश ! नौजवाने मिल्लत कमेटी घोघर रीवा द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम मस्जिद रिसालदार घोघर एव दरगाह में लंगर का आयोजन किया गया अध्यक्ष द्वारा छोटी दरगाह कमेटी अनस अब्बासी द्वारा यहां पर लंगर कराया गया इस अवसर पर भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी मुस्लिम सोनू सभी कमेटी के सदस्य मौजूद रहे देश खुशहल रहे अमन चैन कायम रहे दुआ मांगी

जिसमें फातिहा ख्वानी वह लंगर किया गया जिसमें कार्यक्रम में शहर काजी मुफ्ती मुबारक हुसैन मौलाना जैनुल आबेदीन अबू स्वालेह मौलाना सलीम अख्तर हाफिज आरिफ अब्दुल अलीम एवं शहर के समाज सेवी डॉ मुजीब खान लल्लन खान शहीद मिस्त्री लियाकत अली वसीम राजा मोहम्मद सगीरूल कादरी जब्बार भाई रमजान अली रमजू डॉ मो0तारिक सिद्दीकी हाजी मो0

अहमद कुरैशी मो0रफीक अंसारी यूसुफ बाबा नसीम भाई साहब एवं कार्यक्रम के आयोजक मंडल रहीम अली जुगनू साजिद खान शेख मुनाफ खान सादिक खान मो अय्यूब भाई डिस्क मकबूल खान यूनुस भाई शकील फरीद खान अमानत खान शिब्बू खान एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम विगत 40 वर्षों से नौजवाने मिल्लत कमेटी घोघर रीवा द्वारा

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व मना रहे हैं इसदिन मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था. इसीलिए मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन को बड़े ही धूम-धाम से मनाते हैं.

इस दिन मोहम्मद साहब के जन्मदिन जश्न दिवश मनाया गया ?तीया हुई शहर काजी ने आज अमन चैन के दुआ मांगी और बीमार और कमजोर लोगों को उन्हें स्वस्थ रहने की दुआ मांगी छोटी कोविड-19 कागाईड पालन यहां पर घोघर स्थित रिसालदार मस्जिद के पास फटीया दिलाई गई उसके बाद केक काटा कर ईद मिलाद उदुननबी का जश्न मनाया गया तमाम शहर के लोग अपना तरू?रूप लेकर आए और ?टिया दिलाई सामूहिक रुप से ?तिया यहां हुई आपको बता दें जश्ने ईद मिलादुल नबी का जश्न घोघर में लगभग 40 वर्षों से मनाया जाता है यह सिलसिला अनवरत जारी है मुफ्ती मोहम्मद मुबारक हुसैन शहर काजी मौजूद रहे शहर काजी के अलावा मौलाना आबू जैनुल अबदुल मौलाना सलीम अख्तर इसके अलावा शहर के समाज सेवा में रहने वाले अब्दुल सईद मिस्त्री लल्लन खान लियाकत वासिमराजा आकिल खान अली जब्बार मंसूरी सगीर कादरी डॉक्टर मोहम्मद तारिक सिद्दीकी के सभी सदस्य मौजूद रहे नौजवानों

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सतना जिले के सिंहपुर ग्राम पहुंचे मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री कुलभूषण गौतम ने किया जोरदार स्वागत

सतना। जिला रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंगपुर ग्राम में मंगलवार को पूर्व सीएम कमलनाथ ने एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने शिवराज सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए, और सीएम को जनता से माफी मांगने को कहानव प्रदेश मैहर ।। सतना सिंहपुर मध्य प्रदेश में उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है. मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने हुंकार भरी. उन्होंने सतना के रैगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी दौरा किया. सिंहपुर के पटपर नाथ में कमलनाथ ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सरकार पर निशाना साधा. पूर्व सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज अपने जेब में नारियल लेकर चलते हैं, लेकिन काम और विकास के नाम पर कुछ नहीं होता. कमलनाथ ने अपने संबोधन में सीएम को जनता से माफी मांगने के लिए भी कहा.चुनावी जनसभा में गरजे कमलनाथ चुनाव जनसभा मैं पूर्व सीएम कमलनाथ ने शिवराज सिंह चौहान पर जमकर निशाना साधा* उन्होंने कहा, %शिवराज सिंह के पिछले 17 साल याद करिए, मोदी जी के 7 साल को याद करिए, शिवराज सिंह आते हैं घोषणाएं तो कर जाएंगे कि यह हो जाएगा, वह हो जाएगा. शिवराज जेब में नारियल रखकर चलते हैं, जहां मौका मिला नारियल फोड़ दिया. थक गया प्रदेश का नौजवान बिना काम के, किसान बिना दाम के, व्यापारी बिना व्यापार के, मैं पूछता हूं शिवराज सिंह जी आप किस काम के

अतिथि शिक्षको का दूसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

सीधी नव प्रदेश जिले के वीथिका भवन में दिन सोमवार से आधा सैकड़ा से अधिक अतिथि शिक्षकों का आमरण अनशन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। आमरण अनशन में भोजन का परित्याग कर शामिल हुए अतिथि शिक्षक संगठन के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नोखेलाल तिवारी मंगलवार को अस्वस्थ्य दिखे। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश में अतिथि शिक्षक रूपी बगिया के जन्मदाता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान है। मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप 15 वर्षो से अतिथि शिक्षक कार्य कर रहे हैं लेकिन उसका परिणाम यह है कि स्थानीय प्राचार्यो द्वारा अतिथि शिक्षको को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। अभी हाल ही में संक्रमण ने कमर तोडी ही थी और अब सरकार अतिथि शिक्षको को निकाल कर उन्हे

बेरोजगार कर रही है। सरकार जब तक हमारी मांगे नही मानेगी तब तक यह आमरण अनशन चलता रहेगा । मुझे किसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी जटिल समस्या हो जाती है तो अन्य साथी भोजन का परित्याग कर अनशन में बैठे रहेंगे।

श्री तिवारी ने बताया कि सरकार से अतिथि शिक्षक संगठन के बैनर पर शिक्षक भर्ती में बाहर किए गए प्रदेश के सभी अतिथि शिक्षको को पुनः पूरवर्त नियुक्ति किया जाए। और अतिथि शिक्षको को नियमित कर 12 माह का वेतन दिए जाने सरकार से मांग को लेकर संगठन आमरण अनशन कर रहा है। अतिथि शिक्षक आज वापस बेरोजगार हो रहे हैं और परिवार का भरण - पोषण करने में असमर्थ। यह बेहद चिंता का विषय है जिसे लेकर सरकार को समझना होगा और हमारी मांगे माननी होगी।

करणी सेना ने रक्तदान कर मनाई महान छत्रिय सम्राट मिहिरभोज की जयंती

सीधी नव प्रदेश । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सीधी के तत्वाधान में आज जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करणी सेना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा रक्तदान कर सम्राट मिहिरभोज प्रतिहार की जयंती मनाई गई इसमें विशेष रूप से जिला अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह चंदेल शिबू नगर उपाध्यक्ष प्रीतेश सिंह ज्वाला अजय सिंह चौहान पंकज सिंह चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, पुनीत सिंह चौहान जिला मंत्री, विवेक सिंह परिहार मझौली संयोजक, अंबिकेश सिंह अब्बू, नीरज गहरवार जिला मंत्री और अन्य कई करणी सेना के सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। उक्त रक्तदान मे सहयोग करने के लिए जिलाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह चंदेल शिबू ने सिविल सर्जन डॉ एस.बी. खरे एवं जिला चिकित्सालय सीधी के कर्मचारियो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

बिजली के ट्रांसफार्मर बदलने लगती है बोली, सुधारने के अलग बदलने के अलग लिये जाते है सुविधा शुल्क

नही मिली मुंहमांगी रकम तो तीन महीने में भी नही बदला आमडांड के हरिजन वस्ती का बिजली ट्रांसफार्मर

सीधी नव प्रदेश । सरकार बिजली की समस्या के समाधान का दावा भले ही कर रही हो पर ग्रामीण क्षेत्रों में हालत बिकराल रूप लेती जा रही है जिसका समाधान मुख्य मंत्री षिकायत निवारण विभाग में किये जाने के बावजूद नही हो पा रहा है जिसके लिये जनता स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेवार मानने लगी है। वही बिजली विभाग के अधिकारी बिजली की समस्या खडी कर उपकरण सुधारने व बदलने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूलने लगे है। कुछ इसी तरह की समस्या चुरहट विधान सभा के रामपुर नैकिन बिद्युत बितरण केन्द्र का समाने आया हैं जहां पटेहरा ग्राम पंचायत के आंमडांड गांव के हरिजन आदिवासी बस्ती में लगें बिजली के ट्रांसफार्मर को तीन महीने से इस लिये नही बदला जा रहा है कि वहां के उपभोक्ताओं ने सहांयक यंत्री चुरहट व बिजली बितरण केन्द्र के प्रभारी अधिकारी के चाही गई सुविधा शुल्क उनके मन मुताविक नही दे पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 3 महीने पूर्व हरिजन आदिवासी बस्ती आमडाड 43 मे 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल गया था जिसे बदलने के लिये ग्रामीणों ने सहांयक यंत्री चुरहट से सम्पर्क किया तो उन्होने रामपुर बिजली आफिस के कर्मचारी से मिलने का सुझाव देकर दो से तीन दिन में सुधरवाने आष्वासन दिन लेकिन रामपुर नैकिन के जेई आफिस में बैठे कर्मचारी ने जल्द बदलवाने व देर से बदलवाने के लिये निर्धारित शुल्क सुना दिया जिसे सुनकर षिकायत कर्ता गांव लौट गया और 15 दिन बाद बदलने व बनवाने के लिये तय हुए सुविधा शुल्क दो हजार रूपये लेकर एई चुरहट के पास गया तो उन्होने रामपुर नैकिन भेजकर

कर्मचारी से षिकायत कर्ता की षिकायत दूर कराने को बोले दिये तो पीडित ने एई के चिंन्हित कर्मचारी को रकम देकर लौट गया कि अव उसका काम हो जायेगा लेकिन दो महीने तीन महीने बीतने के बाद भी जव ट्रांसफार्मर नही बदला तो इसकी षिकायत मुख्य मंत्री षिकायत निवारण विभाग भोपाल के टोल फ्री 181में किया जहां समाचार लिखे जाने तक षिकायत सम्बधित अधिकारी के पास भेजने तक ही सीमित रह गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बनाई गई पैसे कमाओं की नीति के चलते जहां अदिवासियों को अंधेरे में रहने को विवस होना पड रहा है वही अर्सेबाद चालू हुई स्कूल कालेज की पडाई प्रभावित हो रही है तो आम जनों को पीने के पानी व आटा की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है एई चुरहट व जेई रामपुर नैकिन उसी क्षेत्र के बिजली उपकरण ठीक कराने का प्रयास करते है जिस गांव से उनको सुविधा शुल्क मिल जाती है।

सौदे वाजी करने का आडियों वायरल-बिजली ट्रांसफार्मर बदलने के एवज में एई चुरहट व जेई रामपुर नैकिन का आडियो भी सोषल मीडिया में वायरल हो चुका है जिसकों लेकर दोनो अधिकारी तिलमिलाए भी हुए है। वही जेई रामपुर नैकिन मीटर वाचक पर ग्रामीणों ने डरा धमका कर पैसे ऐठने का आरोप लगा रहे है। वायरल आडियों में पैसों की मांग करते हुए साफ साफ सुने जा सकते है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि आउट सोर्स हनुमानगड में पदस्थ मीटर वाचक एवं रामपुर नैकिन के जेई उपभोक्ताओं से कहीं मीटर चेकिंग के नाम पर तो कहीं उपभोक्ताओं से ओवरलोड के नाम पर वसूली कर रहे है।

मीडिया द्वारा चाही गई जानकारी जवाब देने से बचते रहे जेई-भले ही शिवराज सरकार लाख दावा करे कि घूस खोरी कम और काम की रफ्तार बढ गयी लेकिन दावे केवल` भाषण तक ही सीमित है जिसकी एक बानगी विद्युत वितरण केन्द्र रामपुर नैकिन मे पदस्त जेईएवं हनुमानगड में आउटसोर्स के पद पर पदस्थ ज्ञानेंद्र कि साटगाठ मीटर चेकिग के नाम पर रामपुर नैकिन के उपभोक्ता से पैसे वसूल रहे है के सम्बंध में जब उनका पक्ष रखने के लिये सम्पर्क किया गया तो उन्होने कैमरे में बयान देने से न केवल इंकार कर दिये वल्की आफिस से निकलकर चले गयें।

मंदिरों में खर्च हुई करोड़ों की राशि और सुंदरता के नाम पर दिख रही कालिख

पन्ना पवित्र नगर को मिनी स्मार्ट सिटी की मिली सौगात में ही , अधिकारियों के संरक्षण मैं हुआ करोड़ों का बंदरबांट

पन्ना नव प्रदेश ब्यूरो– कहते है कि पन्ना के ऊपर नजर तो पूरे देश की थी लेकिन लूटाने की हिम्मत इसलिए नहीं हुई के यहां बुंदेलखंड के छत्रसाल जैसे योद्धाओ ने जन्म लिया था जिन्होंने इस पवित्र नगरी को लूटने से बचाया है पन्ना जिला जो कि हीरो झीलों एवं मंदिरों की पवित्र नगर के लिए जाना जाता है मध्य प्रदेश ही नहीं देश में प्रसिद्ध पन्ना जिला को हीरा के नाम से जाना जाता है इसी पवित्र नगरी होने के कारण आज सरकार द्वारा पन्ना के लिए कुछ करने की चाह के एवज में पन्ना को एक मिनी स्मार्ट सिटी की सौगात दी गई थी जिससे कि पन्ना के विकास में किसी भी प्रकार का ग्रहण न लगे और पन्ना का विकास पवित्र नगर के रूप में हो जाए लेकिन रावण रूपी ठेकेदार एवं जिला प्रशासन के सहायक अधिकारियों के सामने तो सब नतमस्तक हो गए , और करोड़ों की लागत से बनने जा रही मिनी स्मार्ट सिटी को ठेकेदार रूपी रावण ने भ्रष्टाचार की हदें पार करते हुए पवित्र नगरी तक को नहीं छोड़ा , और करोड़ों का घोटाला कर डालामामला इतना ही नहीं कहते हैं कि जब जनता कर राजा ही हथियार डाल दे तो जनता अपने घुटने टेक देती है ऐसा ही कुछ पन्ना जिले की जनता के साथ हुआ है

मिनी स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों का आया बजट को ठिकाने में लगा रहा ठेकेदार अतुल कुरारिया–मिनी स्मार्ट सिटी की मिली सौगात में मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ठेकेदार द्मेमर्स अतुल कुरारिया सतना द्वारा कार्य कराने का ठेका लिया गया , जिसमें कार्य की शुरुआत करते ही बस स्टैंड में बनाई सीसी सड़क में एवं जिले की अन्य जगह बनी सीसी सड़कों पर कहीं नालियां नहीं तो कहीं खराब सड़कों को ना दिखाने की एवज में डामर की परत चढा दी गई इतना ही नहीं जिले की मिनी स्मार्ट सिटी के तहत कराए गए कार्यों में भारी अनिमितताओं देखने को मिली शासन प्रशासन को इसकी शिकायत की गई लेकिन शिकायत करने के बाद भी जिला प्रशासन का ठेकेदार के साथ अच्छा सेटअप हुआ और कार्य को और भी तेज गति दी गई लेकिन ठेकेदार के विरुद्ध न कोई उचित कार्यवाही ना करते हुए ठेकेदार के हौसले और भी बुलंद हो गए , मिनी स्मार्ट सिटी के तहत किए जा रहे कार्यों को लगाए गए बैनर एवं वोट पर कंपनी और ठेकेदार का नाम तो लिख दिया गया लेकिन कहीं पर किसी भी कार्य की लागत राशि नही दरसाई गई जब लोगों ने इसका जमकर विरोध किया तब ठेकेदार द्वारा मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं रंग रोगन के लिए खर्च हुई राशि को बोर्डों पर लिखी गई है

मंदिरों में खर्च हुई करोड़ों की राशि और सुंदरता के नाम पर दिख रही कालिख– ठेकेदार के द्वारा मंदिर जीर्णोद्धार रंग रोगन के लिए खर्च की गई राशि एक मंदिर में 35 लाख लगभग राशि खर्च की गई लेकिन खर्च की गई राशि से मंदिरों को किस तरह से रंग रोगन किया गया है तस्वीरों एवं मंदिरों पर जाकर देखा जा सकता है ठेकेदार ने जीर्णोद्धार और रंग रोगन सुंदरता के नाम पर करोड़ों की राशि मंदिरों के नाम कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी है जमीनी हकीकत यह है कि मंदिरों पर खर्च की गई राशि में किसी भी प्रकार का जीर्णोद्धार और रंग रोगन एवं सुंदरता नहीं हुई है लेकिन खर्च की गई राशि के नाम से ठेकेदार ने अपना कार्य जरूर पूरा कर दिया है आखिरकार मंदिरों की राशि को भ्रष्टाचार करके कितना भला होगा और भगवान के मंदिर पर भ्रष्टाचार पवित्र नगरी पर मिनी स्मार्ट सिटी में इस प्रकार से भ्रष्टाचार करना एवं ठेकेदार के हौसले बुलंद रहना विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना करना यह संरक्षण का विषय बताता है जोकि यह नियति संगत सही नहीं ।

ठेकेदार के ऊपर जिला प्रशासन को कार्रवाई करते हुए जांच करना चाहिए–

इस पर जिला प्रशासन को ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए मिनी स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों की जांच करवा कर ठेकेदार को टर्मिनेट करना चाइये

ठेकेदार अतुल कुरारिया के मिनी स्मार्ट सिटी के अलग-अलग कार्यो का उजागर हो घोटाला–पन्ना जैसी पवित्र नगरी पर मिनी स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों की एक लंबी लिस्ट तैयार की गई है इसमें प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग राशियां आवंटित की गई थी लेकिन ठेकेदार ने अधिकारियों के संरक्षण में रहते हुए जिले में मिनी स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों में भ्रष्टाचार की एक लंबी इबारत लिखी है जिसके परत दर परत कहां पर कितनी राशि खर्च की गई है और क्या विकास हुआ है इसका खुलासा किया जाएगा

आधुनिक परिवेश के चलते परम्परागत कारीगरों के सामने रोजी रोटी का संकट आ खडा हुआ

रीवा नवप्रदेश ! आधुनिक परिवेश के चलते परम्परागत कारीगरों के सामने रोजी रोटी का संकट आ खडा हुआ है परंपरागत तरीके से पिछली कई पीडियों से रीवा में बसे ये शिल्पकार सिलबट्टा बनाते और उसको टाकते चले आ रहे हैं जिससे उनका परिवार चल रहा था लेकिन आधुनिकता के इस दौर में मिक्सी के चलन ने अब इनके सिलबट्टों को पूछने वाला कोई नहीं जिसके चलते अब इनके सामने रोजी रोटी का संकट आ खडा हुआ है।मसाले को पीसने वाली पारंपरिक सिलबट्टा कई मायने में अत्यंत फायदेमंद है इसका उपयोग अब शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी कम ही हो रहा है यही कारण है कि देशी भोजन का स्वाद अब धीरे-धीरे विलुप्त सा होता जा रहा है सिलबट्टा से पीसे गए मसालों से बना सब्जी का स्वाद काफी स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के लिए भी उत्तम होता है लेकिन आधुनिकता की इस दौर में आजकल पैकेट बंद मसालाऔर मिक्सी ने ले ली है जिस वजह से सिलबट्टा घर के किसी कोने में उपेक्षित पडा है आमजन मिक्सी के प्रयोग से बने भोजन की पौष्टिकता पर पड रहे कुप्रभावों से भी अवगत है बाबजूद इसके दौडती भागती जिंदगी में सिलबट्टे की जगह किचनों में मिक्सी ने ले ली है। सिलबट्टे का निर्माण दो तरह के पत्थरों से किया जाता है जिसमे एक तेलिया पत्थर जो काले रंग का होता है जबकि दूसरा गेहूंनुमा पत्थर जो सफेद रंग का होता है तेलिया पत्थर से बने सिलबट्टे की तुलना में गेंहूनुमा पत्थर से बने सिलबट्टा महंगा होता है एक समय था जब शहर हो या गाँव ये सिलबट्टे किचन की शोभा होते थे लेकिन अब इनकी पूछ परख न के बराबर है यही वजह है की पिछले कई पुस्तों से इसका काम करने वाले शिल्पकारों के पास अब रोजी रोटी का भी संकट आ खडा हुआ और परिवार का भरण पोषड भी बडी मुश्किल से कर पा रहे है। सिलबट्टे का रसोई में एक विशेष महत्व रहा है शगुन के काम हो या रोजमर्रा की जिंदगी में रसोई चलाने के सिलबट्टा हमारे पुरखों का जूसर, मिक्सर व ग्राईन्डर यंत्र रहा है लेकिन अब इस आधुनिक युग में इसकी जगह मिक्सर ने ले ली है।

श्री हिंदू तखत ने किया ट्रिब्यून चौक में रोष प्रदर्शन

नव प्रदेश मैहर।। श्री हिंदू तखत के द्वारा ट्रिब्यून चौक में कैंडल मार्च निकाला गया कुंडली बैरियर के ऊपर जिस तरह से निहत्थे व्यक्ति को कुछ लोगों ने तड़पा तड़पा कर मारा उसका श्री हिंदू तख्त ने कड़ा विरोध किया श्री हिंदू तख्त के चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार दुबे ने कहा कि हम किसी भी कीमत में इस तरह जिन्होंने कारण बर्दाश्त नहीं करेंगे वही इस मौके पर श्री हिंदू तख्त के राष्टीय प्रवक्ता अशोक तिवारी पहुंचे और कहां की जो लोग धर्म की आड़ पर देश का माहौल खराब करना चाहते हैं उन्हें किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तिवारी ने यह भी कहा कि अगर वह अपने आप को इस तरह प्रमोट करेंगे श्री हिंदू तखत जगतगुरु पंचानंद गिरि महाराज जी के दिशा निर्देशों पर कार्य कर रहा है वह किसी भी कीमत में देश विरोधी ताकतों को नहीं सहेगा तिवारी ने यह भी बताया कि हमारे देश का संविधान सभी को बोलने का अधिकार देता है लेकिन देश की एकता और अखंडता तोड़ने का किसी को अधिकार नहीं है जिस तरह से एक निहत्थे व्यक्ति को कई लोगों ने घेर कर धर्म की आड़ पर उसके ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार किया उसके हाथ पैर काट दिए वह बहुत ही निंदनीय तिवारी ने पंजाब के सीएम श्री चरणजीत सिंह चन्नी से मांग की उसके परिवार को नौकरी एवं 5000000 का मुआवजा दिया जाए साथ ही तिवारी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं पंजाब हरियाणा के राज्यपाल से भी यह मांग की इस तरह के लोगों के ऊपर फास्ट्रेक बनाकर केस चलाया जाए और इन्हें फांसी की सजा दी जाए साथ ही श्री हिंदू तखत के मीडिया प्रभारी पंचम चौहान ने कहा कि किसी कीमत में आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

भक्ति रस से सराबोर हुआ समूचा पन्ना धाम

राश गरबा से सराबोर रही खेजड़ा मंदिर से निकली ऐतिहासिक श्री जी की भव्य सवारी

पन्ना । पांच पद्मावतीपुरी धाम पन्ना मैं आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में सोमवार की शाम सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली श्री प्राणनाथ जी की दिव्य सवारी (शोभा यात्रा) श्री खेजड़ा मंदिर से भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर उत्साह व धूमधाम के साथ सोमवार को शाम 05 बजे से निकाली गई। इस ऐतिहासिक सवारी रथ में श्रीजी की मनमोहक सेवा शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही जिसकी एक झलक पाने के लिये श्रद्धालु बेताब दिखे। हालांकि इस बार कोरोना संक्रमण के कारण अन्य राज्यों से श्रद्धालु सुंदरसाथ पन्ना कम संख्या में आ सके। इसके अलावा सीमित संख्या में स्थानीय श्रद्धालु संदरसाथ के द्वारा शासन द्वारा जारी कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए सवारी निकाली गई।

नगर के प्रमुख मार्गों से निकली श्रीजी की सवारी – प्रणामी सम्प्रदाय के आस्था का केन्द्र अति प्राचीन खेजड़ा मंदिर से शुक्रवार शाम पांच बजे से अखंड मुक्तिदाता, निष्कलंक बुद्ध अवतार महामति प्राणनाथ जी की सवारी



जब निकली तो ऐसा लगा मानो सभी सन्त मनीषी विविध रूप धारण कर इस सवारी की शोभा बढ़ा रहे हो। दिव्य रथ पर सवार श्री जी तथा धर्मगुरू इस भव्य सवारी की धर्म निष्ठता व भक्तिभाव के साथ 400 वर्षों से सतत आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने। श्री जी की इस दिव्य सवारी में नगर के निवासियों ने तहेदिल से स्वागत किया वहीं प्रणामी धर्म के स्थानीय अनुनायियों ने जगह-जगह श्री जी की आरती उतारकर पुण्य लाभ लिया।

सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक है तेरस की सवारी – अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान पन्ना नगर में सैकड़ों वर्षों

से लगातार श्री जी की सवारी भव्य स्वरूप के साथ निकाली जाती है। इस सवारी का आयोजन पहली बार बुन्देलखण्ड केशरी महाराजा छत्रसाल जी ने किया था। सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली इस तेरस की सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुन्देलखण्ड को चारों तरफ से औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति श्री प्राणनाथ जी ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आर्शीवाद दिया था और कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक में इसी खेजड़ा मंदिर में ही रूकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर फतह हासिल कर लौटे तो अपने सद्गुरू महामति प्राणनाथ जी को पालकी में बिठाकर अपने कंघों का सहारा देकर श्री प्राणनाथ जी मंदिर में स्थित गुम्मट बंगला जिसे ब्रम्ह चबूतरा भी कहते हैं में लाए थे जिसके प्रतीक स्वरूप तभी से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। श्री खेजड़ा जी मंदिर से निकली श्री जी की सवारी को श्री प्राणनाथ जी मंदिर की कुल तीन किलोमीटर तक की यात्रा में सात से आठ घंटे का समय लग जाता है।

श्री जी की आरती और फूलो की वर्षा कर किया स्वागत – धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व की इस विशाल शोभायात्रा में पन्ना नगर वासियों ने भी पूरे उत्साह व भक्ति भाव के साथ बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई गई। रथ में सवार श्री जी की एक झलक निहारने के लिए लोग घंटों सड़क के किनारे खड़े रहे। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी व फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया साथ ही शोभा यात्रा में सम्मिलित सुन्दरसाथ को मिठाइयां बांटी गईं

अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव

महामति के सतगुरू धनी देवचन्द्र जी का धूमधाम से मना प्रगटन उत्सव

पन्ना । अन्तर्राष्टीय शरदपूर्णिमा महोत्सव में नित नए रंग दिख रहे हैं. सभी के दिल में सिर्फ एक और एक भाव विराजमान है और वह भाव विद्धल है अखण्ड मुक्तिदाता निष्कलंक बुद्ध अवतार महामति प्राणनाथ जी के सामीऐयता के अहसास की उनके दर्शन कर जीवन धन्य करने की. मंगलवार की रात्रि 12 बजे श्री प्राणनाथ जी के सतगुरू श्री धनी देवचन्द्र जी का प्रगटन उत्सव पन्ना स्थित देश का इकलौता श्री सतगुरू देवचन्द्र जी मंदिर में धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया. महामति श्री प्राणनाथ जी के सतगुरू निजानन्द श्री देवचन्द्र जी का प्रगटन महोत्सव का कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से प्रारम्भ हुआ. ठीक बारह बजते ही गगन भेदी तोपों की आवाज के साथ जैसे ही पर्दा खुलता है पूरा मंदिर प्रांगण सद्गुरू महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो जाता है साथ ही विशेष आरती दर्शन से सुन्दरसाथ मंत्रमुग्ध हो गए. इस पुनीत अवसर पर बधाई गायन होते सखी तुम जाओ मंगलाचार श्री देवचन्द्र प्रगट्या रे सुन्दर साथ सद्गुरू जी के जयकारे लगाते हुए झूम उठे. विदित हो कि इस प्रगटनोत्सव में शासन की कोविड-19 गाईड लाईन का पालन करते हुए लोगों द्वारा मास्क पहनकर व शारिरिक दूरी बनाई गई।

ग्राम पंचायत तेजगड का स्वछता परिसर पडा अधूरा, दीवारों में आई दरारे

तेन्दूखेडा। मध्यप्रदेश कि सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में एक सार्वजनिक शौचालय बनवाने के लिए लगभग पौने चार लाख रुपये दिए गए हैं।इन पैसे से एक सार्वजनिक स्थल पर एक शोचालय ग्राम पंचायत की तरफ से बनना था।जिससे इसका उपयोग सभी ग्राम के निवासी एवम बाहरी यात्री कर सके।इन शोचालयो को बनाने का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि इसके उपयोग करने से गांव में साफ सफाई रहेगी एवम लोगो मे जागरूकता आएगी।मगर ग्राम पंचायत तेजगड में ऐसा नही हो रहा है।ग्राम पंचायत तेजगड में एक सार्वजनिक शौचालय तो बन रहा है मगर वह सार्वजनिक स्थान पर नही बल्कि एक कन्या शाला परिसर में बन रहा है जो कि एक आम आदमी की पहुच से परे है।क्योंकि शाला परीसर में

शाला का ताला डला रहता है।अभी जितना पैसा इस निर्माण के लिये निकल चुका है उतना अभी निर्माण में कार्य दिख नही रहा।सरपँच सचिव कीनिष्क्रियता के चलते शोचालय में लोकल सामग्री लगने से भवन में गुणवत्ता हीनतस्बीर बन चुकी है।शोचालय कि दीवारों में दरारे आ गई है।दरारों का आना काम मे लापरवाही दर्शाता है।दीवारों को देखकर लगता है कि इनमें तराई नाम मात्र कि हुई है।सार्वजनिक शौचालय में अंदर बिल्कुल भी काम नही हुआ है फर्श में कुछ नही दिख रहा है अंदर कि छपाई नहीं कि गई है ना सीटे लगाई गई है और ना ही अंदर दरवाजे लगाए गए हैं।पँचायत के द्वारा इस तरह से धीमी चाल से कार्य करना यह दर्शाता है कि समय पर बने या ना बने यसकी किसी को परवाह नही क्योकि कमीशन के इस दौर में सिर्फ आम जनता के हितों का हनन होना आम बात है।

इनका कहना है–सहायक उपयंत्री केशव पटेल का कहना है कि एक साल से ग्राम पँचायत शोचालय बना रही है यह सोचने की बात है।जो कुछ अनिमित्ताये है उन्हें में पूरा करवाऊँगा।वही सचिव चन्दन दुबे का कहना है कि हमारा शोचालय बन चुका है।सिर्फ पुताई ओर टाइल्स का काम बचा जा।दीवारों कि दरारों के लिये कहा कि हमारे जैसे शोचालय किसी ने नही बनाया।

ईद मिलादुन्नबी पर शानो-शौकत से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

सभी मस्जिदो में किया गया सलातो-सलाम

बालाघाट, नवप्रदेश।

पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाने वाला पर्व ईद-मिलादुन्नबी जिले में पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार इस्लामिक माह के तीसरे महिने के चांद के दीदार से लेकर चांद की 12 तारीख तक जश्ने ईद.मिलादुन्नबी पर्व पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जाते है। इसी कड़ी में बालाघाट शहर सहित पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित किये गये। बालाघाट नगर में जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर सुबह सभी मस्जिदो में सलातो-सलाम किया गया। जिसके बाद सुबह 9.30 बजे जामा मस्जिद चौक पर परचम कुसाई की गई। इस दौरान यहां मौजूद मुस्लिम धर्मावलंबी सलातो-सलाम पढ़ते हुए जुलुस मार्ग से होकर गुजरे और वापस अंजुमन शादी हॉल पहुंचें। जहां जुलुस का समापन किया गया गया। जिसके बाद लंगर ए-आम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रजेगाव के सभी इस्लाम धर्म के भाईयो ने बड़े ही धूमधाम ओर उत्साह के साथ जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार मनाया गया जिसमें इस्लाम धर्म के भाईयो ने सबसे पहले जुलुस निकालकर खूब नारे लगाये गये। चर्चा के दौरान रजेगाव के उपसरपंच व मुस्लिम धर्मावलंबी नजीर बैग मिर्जा ने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद साहब ने पुरी दुनिया को इंसानियत मानवता का संदेश दिया है जिनकी पैदाइश पर 19 अक्टुबर को ईद मिलादुन्नबी पुरे उत्साह के साथ हम मनाते हैं। उनकी पैदाइश की खुशी में समाज के लोगों के द्वारा जुलूस निकाला जाता है और यहां जश्न मनाया जाता है। आज के दिन सभी के घरों में रोशनी की जाती है साथ ही झंडे लहराए जाते है और लंगर बांटे जाते है। वहीं खुशी के साथ मस्जिदों को सजाया जाता है ओर सभी मुसलमान भाई अपने अपने घरों को सजाते है हम अपने घर बच्चे कि पैदाइश में जो हम खुशी मनाते है उससे भी बढ़कर हम हुजूर की पैदाइश का दिन मनाते है और आज के दिन सबसे बड़ी ईद हमारे इस्लाम धर्म मे मानी जाती है ओर इस त्योहार को हम बड़े ही भाईचारे के साथ मनाते है क्योंकि पुरे विश्व को पैगम्बर मोहम्मद साहब ने अमन और शांति का पैगाम दिया है। जुलूस के दौरान नजीर बैग मिर्जा, साजिद अली, निसार शेख, मौलाना यासीन खान, इलियाज बैग, इरशाद बैग, जुम्मी खान, गुलजार खान, मुमताज बैग, जमील बैग, सरफराज खान, सलमान अंसारी, अरशद शेख सहित सैकड़ो मुस्लिम भाईयो ने शिरकत की। गौरतलब हो की कोरोना वायरस काल के विगत 2 वर्षो से सभी धर्मो के त्योहारों पर पाबंदियां थी लेकिन इस वर्ष सभी धर्म के अनुयाई अपने अपने त्यौहार धूमधाम से मना रहे हैं इसी कड़ी में मुस्लिम धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण और खुशियों का पैगाम वाला त्यौहार जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस की रूपरेखा एवं व्यवस्था के लिए पूर्व में ही बैठक स्थानीय थाना कोतवाली में प्रशासनिक अधिकारी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ कर ली गई थी।

प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने भटेरा के सिलाई केन्द्र एवं सांवगी की नर्सरी का किया निरीक्षण

बालाघाट, नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने आज 19 अक्टूबर को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान ग्रामीण विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आजीविका मिशन के महिला समूहों के कार्यो को देखा और समूह की सदस्यों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव, श्री उमराव ने ग्राम भटेरा में आजीविका मिशन के महिला समूह द्वारा संचालित सिलाई केन्द्र का निरीक्षण किया और महिलाओं से चर्चा कर उनकी आय एवं कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि उनके समूह द्वारा स्कूली बच्चों की गणवेश बनाने का कार्य किया गया है। इसके अलावा उन्हें बाजार से भी सिलाई का कार्य मिल रहा है। उनके समूह द्वारा अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए बैंक से ऋण भी लिया गया है और समय पर ऋण की किश्तें भी जमा की जा रही है। प्रमुख सचिव श्री उमाराव ने भटेरा के सिलाई केन्द्र में नल-जल योजनाओं के संचालन से जुड़े समूहों की महिलाओं से भी चर्चा की। इस दौरान हीरापुर की नल-जल योजना के संचालन में भागीदारी कर रहे समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा अभी नल कनेक्शन लेने वाले ग्राम के हितग्राहियों से हर माह निर्धारित राशि वसूल करने का कार्य किया जा रहा है।

गोवारी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष का चयन 24 को

जिला कार्यकारिणी का गठन, बैठक में कोरोना से दिवंगत सामाजिक लोगों को दी गई श्रद्धाजंलि

बालाघाट, नवप्रदेश। जिला गोवारी समाज की बैठक गत 17 अक्टूबर रविवार को बालाघाट सार्वजनिक धर्मशाला में जिलाध्यक्ष कमलकिशोर राऊत की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस बैठक की शुरूआत कोरोना कॉल में कोरोना से दिवंगत सामाजिक सदस्य गायत्री यादव और शंकरलाल कारसर्पे को श्रद्धाजंलि दी गई। जिसके उपरांत सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर निर्णय लिया गया कि गोवारी समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष का चयन आगामी 24 अक्टूबर को श्री माता बंजारी मंदिर डोंगरिया में आयोजित सामाजिक बैठक में किया जायेगा।

जिला गोवारी समाज की जिला कार्यकारिणी में इन्हें मिला स्थान- जिला गोवारी समाज की जिला कार्यकारिणी में सचिव जितेंद्र सोनवाने, सहसचिव सुंदरलाल राऊत, कोषाध्यक्ष कैलाश नेवारे एवं कानूनी सलाहकार अधिवक्ता शैलेंद्र आम्बाडारे को मनोनित किया गया है। इसके साथ ही पंजीकृत सदस्य संरक्षक बनाये गये है। संरक्षक में एम नेवारे, आत्माराम शेंद्रे, राधेश्याम ठाकरे, सुनील भातपिरे, प्रदीप कुशराम, लीलाधन चचाने, गौरीशंकर राऊत, श्रीमती शांता ठाकरे, श्रीमती नमिता ठाकरे, श्रीमती मीना कोरडे, श्रीमती गंगा कोरडे, श्रीमती पूर्णिमा सहारे, सुश्री वंदना आसने, श्रीमती प्रमिला कुशराम, महेन्द्र मानकर, नरेन्द्र नेवारे, गांधी राऊत, येशु भोयर, सुनील भोंडे, मनोज सोनवाने, महेश आमाडारे, अमित कुमार नेवारे, उमेश सहारे, अखिलेश नेवारे, गौरीशंकर कावरे, राधेलाल बोरकर, महेन्द्र नेवारे, कृष्ण कुमार राऊत, ज्ञानीराम राऊत, आनंद नेवारे, श्रीमती सुनिता नेवारे, श्रीमती लक्ष्मी नेवारे, श्रीमती सविता नेवारे, श्रीमती लीलावती राऊत, सुनील बागरे, सुरेन्द्र नेवारे, अमिलाल नेवारे, धमेज्न्द्र नेवारे, भानकलाल आमाडारे, शिवदयाल भोयर, श्रीमती तिरणबाई सहारे, देवेन्द्र वाघाड़े, जयचंद शेंद्रे, अनिल फुनेश्वर, लूणकरण वाघाड़े, हेमराज कोहरे, सुरेश राऊत, रविन्द्र आमाडारे, धनीराम नेवारे, नीलकंठ सोनवाने और राधेलाल सोनवाने मनोनित किये गये है।

अभिलाष पांडेय ने रेल्वे बोर्ड में जबलपुर से बालाघाट और गोंदिया ट्रेन चालू करने समेत रखी अनेकों मांगें

बालाघाट, नवप्रदेश। रेल्वे बोर्ड की बैठक गत दिनों रेल भवन नई दिल्ली में बोर्ड के चेयर मैन पी के कृष्णदास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रेलवे बोर्ड के सदस्य पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डां अभिलाष पांडेय ने रेल्वे के लिए मध्य प्रदेश की जनता के हित में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बेबाकी से मांग रखी। जिसमें जिले की जीवनदायिनी कहे जाने वाली जबलपुर से गोंदिया रेलवे लाईन पर जल्द परिचालन की बात कही। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज ने बताया कि डॉक्टर पांडे ने बालाघाट जिले की रेलवे समस्या ट्रेन परिचालन, स्टॉपेज अंडर ब्रिज आदि विषयों को गंभीरता से रखा। जिसके लिए डां पांडे का जितना भी आभार व्यक्त किया जाए उतना ही कम होगा।

पत्रकारों को मिलें रियायत

जिसमें पत्रकारों की रेल किराए की रियायत (छूट) चालू की जाए। जबलपुर, घंसौर, नैनपुर, बालाघाट और गोंदिया रूट की ट्रेन चालू की जाए और स्टॉपेज बढ़ाए जाए। हबीबगंज स्टेशन (भोपाल) की सुविधाएं चालू की जाए। एमएसटी (रियायत) पेसिंजर के लिए चालू की जाए। ट्रेन में जनरल टिकट चालू की जाए ताकि कम पैसे में भी पैसेंजर यात्रा कर सके। प्लेट फार्म टिकट का शुल्क कम किया जाए ताकि पैसेंजर को इसका लाभ मिल सके। और प्राइवेट टिकट काउंटर चालू किया जाए, जहा जनरल टिकट और प्लेटफार्म टिकट भी मिल सके। आगे श्री भारद्वाज ने कहा कि, रेलवे बोर्ड सदस्य डां अभिलाष पांडेय के सुझावों में गौर करते हुए, उचित निर्णय रेल विभाग से करवाने की बात बैठक में कही गई। साथ ही सभी बिंदुओं को बोर्ड बैठक के मिनिट्स में शामिल करते हुए निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में रेल बोर्ड सदस्य सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

हमारा संकल्प, नशा मुक्त हो यादव समाज

सामाजिक कार्यो के दौरान शराब का सेवन नहीं करने का लिया संकल्प

बालाघाट, नवप्रदेश। यादव समाज संगठन लांजी की बैठक बोलेगांव श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें लांजी ब्लॉक के यादव बंधुओं द्वारा सामाजिक कार्यो के दौरान शराब का सेवन न करने का संकल्प लिया गया। साथ ही दीपावली पर्व के लिए पारम्परिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। ब्लॉक कमिटी द्वारा सभी ग्रामों में हो रही सामाजिक गतिविधियों के विषय में भी चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रोशन यादव, उपाध्यक्ष देवेंद्र बघाड़े, मार्गदर्शक गणेश यादव, ब्लॉक कमिटी सहायक रोशन राउत, शिव बघाड़े, रिखीराम बघाड़े, सुनील राउत, नंदकिशोर करसायल, उदय सोनवाने, रामकिशोर बघाड़े, अमरचंद करसायल, कस्तूरचंद भैसारे, देवराज चौधरी, अजुज्न चौधरी, आकाश करसायल, सहदेव बघाड़े, तुलसी आमाडारे, भईयालाल करायत, लखन बघाड़े, सोहन करायत, राजेश्वर रक्से, सुकलाल, धर्मचंद बघाड़े आदि यादव बंधु उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष रोशन यादव ने बताया कि नशा मुक्त हो यादव समाज यह संकल्प यादवों के हर परिवार तक पहुंचाया जाएगा। बैठक आज ब्लॉक स्तर पर हुई है और जो समर्थन यादव बंधुओं द्वारा मिला है, इससे हमारी पूरी टीम उत्साहित है।

ऐसे ही बैठक हर ग्राम में ली जाएगी और हर परिवार को नशा से मुक्त कराने के प्रयास किए जाएंगे। हमारी पूरी टीम जिला अध्यक्ष मतेश यादव के निगरानी में कार्य कर रही है। मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। जिनके माध्यम से आज हमारी टीम सामाजिक कार्यो में बढ़ चढक़र हिस्सा ले रही है। बैठक के अंत में सराहनीय सामाजिक कायज़् करने वाले यादव बंधुओं को ब्लॉक कमिटी की ओर से शिक्षक गणेश यादव और रोशन राउत के हस्ते प्रशस्ति पत्र दिया गया।

बालाघाट: बायोवेस्ट की दुर्गंध से जिला अस्पताल के मरीज व परिजन परेशान

बालाघाट, नवप्रदेश।

शहीद भगतसिंह जिला अस्पताल रोजना 250 से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचते है। इन मरीजों के इलाज में उपयोग में लाई गई बायोवेस्ट सामग्री को मरीज व उनके परिजनों से दूर एक सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है। जिससे कि बायोवेस्ट सामग्री से किसी को भी किसी प्रकार का नुकसान न हो सके लेकिन इन दिनों अस्पताल परिसर में ही बायोवेस्ट खुले में पड़ा हुआ है जिससे न सिर्फ मरीज बल्कि उनके परिजन व अस्पताल का स्टाफ भी परेशान हो रहा है।

मार रहा दुर्गंध हो रही परेशानी- जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, ओपीडी, गायनिक वार्ड से निकलने वाले बायोवेस्ट को एक बैग में भरकर पोस्टमार्टम कक्ष के समीप एक कमरे में बंद कर रखा जाता है, लेकिन कुछ दिनों से बायोवेस्ट का उठाव न होने से यह बायोवेस्ट उसके कक्ष के आसपास फैल गया है। जिसके चलते दुर्गंध आसपास फैल गई है। बता दें कि उक्त स्थान पर जहां वर्तमान में बर्न वार्ड बनाया जा रहा है वहीं मेडिकल वार्ड और इमरजेंसी वार्ड भी है। साथ ही दवाईयों का भंडारण केंद्र, पोस्टमार्टम कक्ष और आवागमन का मार्ग होने के चलते आवागमन होता है। ऐसी स्थिति में परेशानी उठाना पड़ रहा हैं।

बीमारियों के बीच बढ़ रहा संक्रमण का खतरा- वर्तमान में जहां कोरोना वायरस संक्रमण के साथ तीसरी लहर की संभावना और वायरल फीवर का दौर चल रहा है। वहीं खुले में फैला बायोवेस्ट दुर्गंध के चलते संक्रमित बीमारियों व उपचार के दौरान उपयोग में लाया गया मानव रक्त भी बायोवेस्ट में शामिल होता है जिसके संपर्क में आने से गंभीर बीमारियों का भी खतर बढ़ रहा है। इतना ही बायोवेस्ट सामग्री आसपास में फैली होने से पैर में आने से भी मानव जीवन को नुकसान होने का खतरा बढ़ गया हैं।

गेट बना मुसीबत, सूअर फैला देते है बायोवेस्ट- अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जिस कक्ष में बायोवेस्ट को पन्नाी के बैग में भरकर रखा जाता है। उस कक्ष के दरवाजे का लॉक खराब हो गया है। जिसके चलते ही सूअर अंदर प्रवेश कर बायोवेस्ट को फैला देते है। वहीं उक्त बायोवेस्ट के उठाव के लिए सिवनी की कृसा वेस्टेज कंपनी को कार्य सौंपा गया है जिसने भी विगत कुछ दिनों से बायोवेस्ट का उठाव नहीं किया है। जबकि उक्त बायोवेस्ट को 48 घंटे के अंतराल में उठाने का प्रावधान हैं।

इनका कहना

बायोवेस्ट का उठाव न होने और बाहर खुले में फिका होने की जानकारी मिलने पर स्टाफ को सुधार कार्य करने के लिए कहा गया है। साथ ही बायोवेस्ट उठाने वाली कंपनी से भी चर्चा की गई है। उठा लिया जाएगा।

डॉ. अशोक लिल्हारे
सिविल सर्जन, बालाघाट।

सिनियर एनाउसंर प्रकाश उदय को श्रमजीवी वाटिका सदस्यों ने स्थानान्तरण पर दी भावभीनी विदाई

बालाघाट, नवप्रदेश। आकाशवाधी केन्द्र बालाघाट में पदस्थ वरिष्ठ उद्घोषक प्रकाश उदय को श्रमजीवी वाटिका में ससम्मान विदाई दी गई। ज्ञात होवे कि प्रकाश उदय लगभग दो दशको से बालाघाट आकाशवाणी केन्द्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे उनकी कर्णप्रीय व मधूर आवाज प्रात: काल से हि जिले वासियों के कानों में गुंजा करती थी। हाल ही में शासकीय प्रक्रिया के तहत प्रकाश उदय का स्थानान्तरण बालाघाट से रायपुर किया गया है। जिससे उनके श्रोताओं एवं करीबी मित्रों में खुशी के साथ-साथ मायुसी भी छाई हुई है। अपनों से बिछडऩे का गम हर किसी को सताता है जहाँ भी रहें स्वस्थ रहें, श्रेष्ठ रहें और अपनी कायज़्प्रणाली से सबका दिल जितते रहे ऐसी मंगल कामना के साथ श्रमजीवी वाटिका में भ्राता प्रकाश उदय का बिदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें नगर के गणमान्य उपस्थित रहे। सभी गणमान्यो नें प्रकाश उदय के साथ बिताए हुए लम्हों को याद किया, पुष्पहार से उनका स्वागत किया एवं शॉल ल देकर सम्मानित किया।

इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत भोज, स्पोर्ट्स ऑफिसर जसबीर सिंह सौंधी, असित वाजपाई, पं अजय नारायण तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ के पूवज़् अध्यक्ष पी. आर. भैरम, श्रवण शमाज़्, पूवज़् उपाध्यक्ष जहरलाल अंगारे, मयुर वाहने, अधिवक्ता अजय बिसेन, विनोद छिपेश्वर, राजेश नगपुरे, संदीप आश्वले, सुनिल जयसवाल, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष शंकर कनौजिया, रजनीश रहांगडाले, डॉ धमेज़्न्द्र शमाज़्, प्रमोद कनौजिया, लीलाधर लालू, नईम खान, राकेश बोपचे, रत्नेश ब्रम्हे, आकाश श्रीवास्तव, प्रदीप दानी, संदीप सहारे, योगेश देशमुख, धनेन्द्र कटरे, ललित प्रधान, महेन्द्र अमुले, सुरेश भगत, राहूल सोनी, अमित वैद्य, प्रमोद कनौजिया, शुभम मेश्राम, नितेश गौतम, संदीप भीमटे, नितीन नेवारे ऋषभ चकोले, अरविंद सुरखिया एवं सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मलाजखंड जिला-बालाघाट (म.प्र.)

email- cmomalajkhand@mpurban.gov.in

जिला फैक्स नं. 07637-257271, फोन नं. 07637-257060

क्रं./1374/स्वा.भा.मि./स्व.शा./न.पा.प./2021 मलाजखंड, दिनांक 18.10.2021

खुले में शौच से मुक्त घोषित सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद मलाजखंड जिला बालाघाट के द्वारा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयो का निर्माण किया जाकर निकाय को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है। कार्यालय में कुछ हितग्राहियो द्वारा शौचालय निर्माण लागत राशि का 10 प्रतिशत अंशदान राशि 1360/- जमा करने की रसीद प्रस्तुत कर जानकारी देते है कि घर पर शौचालय का निर्माण नही हुआ है। तत्संबंध में स्वच्छ भारत योजनान्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य की योजना शत प्रतिशत पूर्ण कर हितग्राही योजना से वंचित न रहे के उद्देश्य से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मलाजखंड के द्वारा शौचालय निर्माण हेतु जारी किये गये रसीद की प्रति हो और घर पर शौचालय न बना हो ऐसे हितग्राही सात दिवस के अंदर कार्यालय में योजना प्रभारी श्री ओपी पारासर से सम्पर्क कर कार्यालय द्वारा जारी रसीद की छायाप्रति कार्यालय में जमा करे या उनके व्हाट्सअप नम्बर 8827667141 पर रसीद की प्रति व्हाटसअप करे जिसमें शत प्रतिशत शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके या राशि वापस भुगतान किया जा सके। समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मलाजखंड
जिला बालाघाट(म.प्र.)

हर्षोल्लास से मनाया ईद मिलाद-उन-नबी

मुफ्ती-ए-आजम ने शासन की गाइडलाइन के अनुसार त्यौहार घर-मोहल्ले में मनाने की अपील, मछली मार्के में उपद्रव, पुलिस बल तैनात

जबलपुर / नव प्रदेश

ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार आज मंगलवार 19 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। जबलपुर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मंगलवार को पुलिस-प्रशासन की बड़ी परीक्षा है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार त्यौहार घर और मोहल्ले में मनाने की अपील मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना हजरत मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने की है। वहीं समाज के कुछ युवा इसे वर्ल्ड पीस डे के रूप में मना रहे हैं। सुबह से शहर में सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं।

मुफ्ती-ए-आजम ने शहर और प्रदेशवासियों को मिलाद-उन-नबी की दिली मुबारकबाद देते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण में आई कमी को देखते हुए इस बार त्यौहारों को मनाने के लिये पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ ज्यादा छूटें मिली हैं। इन छूटों को ध्यान में रखकर ही हमें ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार मनाना होगा। हम इस त्यौहार को पूरे उत्साह के साथ अपने घर और मोहल्ले में मनाएंगे। अकीदत और मुहब्बत का इजहार करें। एक दूसरे को मुबारकबाद दें, लेकिन कहीं भी जुलूस की शक्ल में न निकलें।

मुफ्ती-ए-आजम मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद ने कोरोना संक्रमण में लगातार आ रही कमी को देखते हुये आशा व्यक्त की है कि यही स्थिति रही तो अगले साल हम मिलाद-उन-नबी का त्यौहार उसी जोश और जज्बे से मनाएंगे, जैसे कोरोना की पाबंदियां लगने के पहले मनाया करते थे। उन्होंने कोरोना वायरस की बीमारी से देश को पूरी तरह निजात

दिलाने की दुआ करने का आग्रह भी मुस्लिम समाज के लोगों से किया है।

उधर, युवा वर्ल्ड पीस-डे के रूप में मना रहे- इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन ईद मिलाद-उन-नबी को कुछ मुस्लिसम समाजसेवियों ने वर्ल्ड पीस डे के रूप में मनाने की तैयारी की है। वे इस अवसर पर सोशल सेवा के तहत शहर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, सांसद व विधायकों को गुलदस्ता भेंट करते हुए वर्ल्ड पीस-डे की बधाई देंगे। इसी के साथ पैगंबर साहब की जीवनी की पुस्तक भेंट करेंगे।

अनोखे अंदाज में मनाएंगे ईद मिलादुन्नबी

मुस्लिम नव जवान कमेटी के फहीम खान, सादिक खान, सलीम खान बून, रफीक खान, एडवोकेट मो. अल्तमस, नसीम अंसारी, एड मो. मकबूल, साजिद अली, मकसूद अंसारी, मिर्जा शाहिद बेग, मुबारक अली कादरी, डॉक्टर मो. आरिफ आदि ने बताया कि मिलादुन्नबी के मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का पर्व वर्ल्ड-पीस-डे के रूप में अनोखे अंदाज में मनाया जा रहा है। देश में भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, आतंकवाद और अश्लीलता को समाप्त करने के साथ ही मुल्क की तरक्की और अमन के लिए इज्तिमाई दुआ की गई।

पैगम्बर के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है- ईद-ए-मिलाद के रूप में जाना जाने वाला, मिलाद-उन-नबी पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह उत्सव मुहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मिलाद-उन-नबी इस्लामी पंचांग के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। मुहम्मद का जन्म वर्ष 570 में सऊदी अरब में हुआ था।

सुरक्षा के सख्त इंतजाम- उधर, पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े प्रबंधन किए हैं। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार संपंन्न करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार सुबह 4 बजे से ही पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा। सुबह 6 बजे नमाज होती है। वहीं दोपहर बाद वे उत्साह के साथ त्यौहार को मनाएंगे। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने ईद-मिलाद-उन-नबी की बधाई देते हुए शासन के निर्देशानुसार घर, गली व मोहल्लों में मनाने की अपील की हे। किसी भी प्रकार के जुलूस की अनुमति नहीं दी गई है।

18 अक्टूबर की रात 9.15 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। सदर की गलियों में फ्लैग मार्च किया। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम लोगों को सुरक्षा का अहसास कराना था।

जबलपुर में पुलिस जवानों पर पथराव

ईद मिलादुन्नबी पर्व पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की पुलिस की कोशिश को उग्रवादियों की भीड़ ने विफल करने का प्रयास किया। कोतवाली थाने से गोहलपुर मार्ग पर मछली मार्केट के पास एक संप्रदाय के लोगों ने बम पटाखे फोड़ते हुए पुलिस जवानों पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। जिसके बाद तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्मादी भीड़ को मौके से भगाया। उन्मादी भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। जिसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी ने बताया कि उन्माद करने वालों पर काबू पा लिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से मछली मार्केट क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इधर घटनास्थल पर जगह-जगह क्षतिग्रस्त वाहन और उन्मादी भीड़ के जूते, चप्पल नजर आए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज जबलपुर आयेंगे

जबलपुर/ नव प्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का कल बुधवार 20 अक्टूबर को जबलपुर आगमन होगा । श्री चौहान यहाँ तिलवाराघाट स्थित दयोदय गौशाला तीर्थ में आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया गौ सेवा सम्मान योजना के तहत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कल बुधवार 20 अक्टूबर की दोपहर 3.50 बजे सतना जिले सितपुरा से हेलीकाप्टर द्वारा भेड़ाघाट में बनाये जा रहे अस्थाई हेलीपेड आयेंगे । श्री चौहान भेड़ाघाट से कार द्वारा शाम 4.05 बजे दयोदय गौ शाला तीर्थ तिलवारा पहुँचेंगे । मुख्यमंत्री दयोदय तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 5.05 बजे भेडाघाट हेलीपेड रवाना होंगे तथा भेड़ाघाट से शाम 5.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो प्रस्थान करेंगे ।

कम दबाव के असर से भीगेगा शहर, बढ़ेगी ठंडक

जबलपुर/ नव प्रदेश। मानसून के विदाई के साथ ही बारिश की उम्मीद भी खत्म हो गई थी। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार की शाम जिस तरह से जोरदार बारिश हुई उसे देखकर लोग अंचभित हो गए। अचानक हुई बारिश करीब पौन घंटे तक शहर को भिगोती रही। नालियां भी उफान पर आ गई। कई जगह सड़क और कालोनियां जलमग्न हो गई। रात में भी हल्की बूंदाबांदी का क्रम रुक-रुक कर जारी रहा। मौसम विभाग की माने तो दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसके असर से 21 अक्टूबर तक इसी तरह जबलपुर सहित संभाग के जिलों में हल्की व मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश के बाद आने वाले कुछ दिनों में दिन और रात के तापमान में भी गिरावट देखी जा सकेगी। वातावरण में ठंड का अहसास बढ़ जाएगा। बना है कम दबाव का क्षेत्र - मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र

बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ का असर भी बना हुआ है। जिसके असर से 21 अक्टूबर तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं हल्की तो कभी मध्यम व तेज बारिश होने की संभावना है। 21 अक्टूबर के बाद मौसम साफ होते ही ठंड का अहसास भी बढ़ने लगेगा। फिलहाल बिना मौसम बरसात से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है। अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम 23.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बारिश के बाद तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है।

मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद नकाबपोश बदमाशों ने घर के ताले तोड़े

जबलपुर/ नव प्रदेश

सूने घर के तीन ताले तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी की और उसी से दूसरे सूने घर को निशाना बनाने पहुंच गए। दोनों घटनाएं धनवंतरि नगर की हैं। क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर धनवंतरि नगर पुलिस चौकी प्रभारी ने आम नागरिकों के साथ बैठक की। घटना के संबंध में विजय कुमार विश्वकर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पड़ोसी शंकर पटेल घर के दरवाजे पर ताला लगाकर अपने गांव चले गए थे। कुछ पड़ोसियों को मैहर जाना था। लिहाजा वे सुबह जल्दी उठकर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक पड़ोसी की नजर दो नकाबपोश बदमाशों पर पड़ी। मोटरसाइकिल एमपी 20 एनए 0137 को सड़क के बीच खड़ी कर दोनों शंकर पटेल के घर के दरवाजे पर खड़े थे। उन्हें देखकर पड़ोसी ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। जिसके बाद दोनों नकाबपोश

भाग गए। शंकर पटेल के दरवाजे का कुंदा वे उखाड़ चुके थे। दोनों के भागने के बाद पता चला कि उन्होंने लालबाबा निवासी मधुकांत बलहोतकर के सूने घर के तीन ताले तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी की थी। उसी वाहन से शंकर पटेल के घर चोरी करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद धनवंतरि नगर चौकी प्रभारी सत्यनारायण कुशवाहा ने व्यापारी संघ अध्यक्ष सर्वेस सक्सेना समेत अन्य नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि बल की कमी के कारण क्षेत्र में गश्त संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने चोरों को पकड़ने का भरोसा दिया है। संजीवनी नगर में चोरी- गजरथ नगर संजीवनी नगर निवासी रोहित विष्ठा 32 वर्ष के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर व नकदी पार कर दी। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि रोहित घर के दरवाजे पर ताला लगाकर अपनी ससुराल चले गए थे। वे घर लौटे तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा मिला। कमरे के भीतर पलंग में रखे हजारों रुपये कीमती चोने व चांदी के जेवर तथा नकद 50 हजार रुपये गायब थे। प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपितों का पता लगा रही है।

जबलपुर जाने वाली मेमू ट्रेन के ब्रेक जाम, 1 घंटे खड़ी रही

जबलपुर/ नव प्रदेश। करकबेल स्टेशन मे सुबह करीब 8.30 से इटारसी-कटनी की ओर जाने वाली मेमू ट्रेन का ब्रेक जाम हो गए। एक घंटे करकबेल स्टेशन पर खड़ी रही। इससे जबलपुर की ओर जाने वाले यात्री परेशान रहे। उन्हें पीछे से आ रही इंटरसिटी ट्रेन में शिफ्ट किया गया। टेक्निकल स्टाफ के लगातार मशक्कत करने के बाद ट्रेन रवाना हुई।

कचरे के ढेर में मिला नवजात

जबलपुर में कछपुरा ब्रिज के नीचे शरीर को नोंच रही थी चीटियां, दर्द से तड़प रहा था मासूम

जबलपुर / नव प्रदेश

शहर में दिल को झकझोर देने वाला वाकया सामने आया है। कछपुरा ब्रिज के नीचे सोमवार को नवजात रोते हुए मिला। उसका नाड़ा तक नहीं कटा था। शरीर पर चीटियां रेंग रही थीं। चीटियों के काटने से वह दर्द से तड़प रहा था। स्थानीय लोग मासूम के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे तो पुलिस को खबर दी। टीआई प्रफुल्ल श्रीवास्तव के मुताबिक सूचना पर वे पहुंचे। कपड़े में लपेट कर मासूम को कचरे के ढेर पर कोई छोड़ गया था। जिस तरह से मासूम का नाड़ा तक नहीं कटा है। इससे साफ है कि इस बच्चे का जन्म 12 घंटे के अंदर हुआ होगा।

एल्गिन के SNCU में रखा गया है

एक महिला ने मासूम को गोद में उठाकर पहले उसके शरीर से चीटियों को हटाया। इसके बाद कपड़े में लपेट कर पुलिस को सौंपा। यादव कॉलोनी चौकी प्रभारी अभिलाष पाण्डे और उनकी टीम मासूम को लेकर एल्गिन पहुंची। वहां बच्चे को गहन चिकित्सा ईकाई में रखा गया है।

चाइल्ड हेल्पलाइन को मामले की सूचना दी गई है। लार्डगंज पुलिस ने मासूम को इस तरह फेंकने वाले मां-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। टीआई प्रफुल्ल श्रीवास्तव के मुताबिक मासूम को जन्म देने वाली आसपास की रहने वाली होगी। कोई दूर से यहां लाकर मासूम को नहीं रखा होगा।

सांस लेने में मासूम को परेशानी

एल्गिन अस्पताल की आरएमओ डॉ. रश्मि भटनागर के मुताबिक मासूम बच्चे को सांस लेने में कठिनाई के बाद वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उसे झटके भी आ रहे हैं। मासूम की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया हत्या का आरोपित मोनू

जबलपुर/ नव प्रदेश। सुब्बाशाह मदार छल्ला हनुमानताल निवासी शेर खान उर्फ शेरू 30 वर्ष की हत्या के दूसरे आरोपित मोनू उर्फ आजाद खान 29 वर्ष को गोहलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से फरार मोनू शहर से भागने की फिराक में था। उसके भागने की सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया गया। शेरू की हत्या के दूसरे आरोपित मोनू का भाई सोनू उर्फ शहजाद खान 35 वर्ष पहले ही पकड़ा जा चुका है। जिसे पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर जेल भेज दिया। गोहलपुर थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि शेरू पर दोनों भाइयों ने पार्किंग विवाद पर रविवार शाम चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। सीने में चाकू के कई घाव लगने से शेरू की मौके पर ही मौत हो गई थी। शेरू रद्दी चौकी में खंडेलवाल फर्नीचर के सामने अपना लोडिंग वाहन खड़ा कर दुकान में बिकने वाली सामग्री को निर्धारित जगह तक पहुंचाने का काम करता था। रविवार शाम शेरू वाहन खड़ा कर रहा था तभी टेढ़ीनीम निवासी लोडिंग आटो चालक सगे भाई सोनू व मोनू उससे विवाद करने लगे। विवाद व मारपीट के दौरान मोनू खान ने शेरू की छाती में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात के कुछ देर बाद सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम फरार मोनू की तलाश कर रही थी। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या के प्रयुक्त चाकू बरामद कर ली गई है।

सागर में सड़क दुर्घटना में 3 की मौत: रिश्तेदार के घर से जबलपुर लौट रहे बाइक सवार 3 युवकों को भारी वाहन ने कुचला

सागर/ जबलपुर/ नवप्रदेश। सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर बम्होरी तिराहे के पास बाइक सवार 3 युवकों को भारी वाहन ने कुचल दिया। दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। तीनों सागर में रिश्तेदार के यहां से होकर वापस अपने घर जबलपुर लौट रहे थे।जानकारी के मुताबिक, लालसाहब पुत्र हल्के प्रसाद वाल्मिकी (41), नंदू पुत्र सुखराम (45) दोनों निवासी सर्वेंट क्वार्टर मेडिकल कॉलेज (जबलपुर) और संतोष वाल्मिकी (28) निवासी लाल बाबा मोहल्ला जबलपुर सोमवार शाम अपने रिश्तेदार के घर रजाखेड़ी सागर आए हुए थे। यहां रिश्तेदार से मिलने के बाद देर रात तीनों बाइक से वापस जबलपुर लौट रहे थे। बम्होरी तिराहे के पास किसी भारी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

दो ने अस्पताल में तोड़ा दम- राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। संतोष की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। लालसाहब और नंदू गंभीर अवस्था में पड़े थे। घायलों को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में लालसाहब की रात में और नंदू की मंगलवार सुबह मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिवारवाले अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। पीएम के बाद परिवारवाले शव लेकर जबलपुर रवाना हो गए। सिविल लाइन थाना प्रभारी नेहा गुर्जर ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।
संम्पर्क करें:- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोनः 0761- 4924975
मोंः 7000721804

Nelesh09@gmail.com 9425387582
VISHAM
Time Art MOBILE
RETAIL PARTNER
Realme
Oppo mi SAMSUNG VIVO Smart phone ONEPLUS
10, Corporation Market Naudra Bridge, Jabalpur

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पताः चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मोंः 9826243750

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सह प्रबंध संपादक- शिवचरण समुद्रे, सलाहकार संपादक-रविकरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975